प्रवेश प्रारम्भ
चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
रजऊपरसपुर (बरेली) उ.प्र.
चिकित्सा के क्षेत्र में उज्जवल भविष्य बनाने हेतु उत्तम संस्थान
• उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
• सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
• सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति
स्थान सीमित शीघ्र प्रवेश लें
GNM (जनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाइफरी) 3 Years (इंटरमीडिएट)
आयुष्मान भारत योजना एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना में निःशुल्क इलाज
विशेष सुविधाएं
• मेडिक्लेम, बीमा योजना
• ICU वेन्टीलेटर सुविधा
सिटी ऑफिस
चन्द्रलोक हॉस्पिटल
दूरबीन विधि द्वारा
• पित्त की थैली, पित्त की नली की पथरी (Lap Chole, ERCP),
• गुर्दे, यूरेटर की पथरी (PCNL, URS)
• प्रोस्टेट (गदूद) (TURP, TURBT)
• रसौली, बांझपन की जाँच
• बबासीर, हर्निया का ऑपरेशन
• मेडिक्लेम • स्त्री एवं प्रसूति रोग
• सभी प्रकार की सर्जरी
• पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
• ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि।
• ICU, कार्डियक मॉनिटर, वेन्टिलेटर,
• हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सम्पर्क करें-
9458882565
9410002566
8859493000

# सीएम ग्रिड: घटिया क्वालिटी की बिछा दी पाइप लाइन, एजेंसी को नोटिस

## पहले चरण के काम में अधिकारियों के निरीक्षण में एजेंसी की लापरवाही हुई उजागर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री ग्रीन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट (सीएम ग्रिड) योजना के तहत निर्माणाधीन कार्य में कार्यदायी एजेंसी बड़ी लापरवाही कर रही है। एजेंसी की ओर से होलोग्राम की जगह घटिया क्वालिटी की पाइप लाइन डालने के लिए लाई गई थी और कुछ जगहों पर बिछा भी दी गई। अधिकारियों के निरीक्षण में कमी मिलने पर मुख्य अभियंता ने बिना कालर की पाइपों को वापस कराते हुए पूरे मामले की रिपोर्ट नगर आयुक्त को सौंपी है। एजेंसी मैसर्स अनमोल एसोसिएट को नोटिस जारी कर एक सप्ताह में सुधार का समय दिया है। ऐसा न करने पर एजेंसी को ब्लैक लिस्ट किया जाएगा।

सीएम ग्रिड के तहत पहले चरण में मॉडल टाउन में काम किया जा रहा है। यहां पर 45 करोड़ रुपये से 34 सौ मीटर सड़क, सीवर लाइन, स्टार्म वाटर सहित अन्य काम होने हैं। कुछ दिन पहले नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य और मुख्य अभियंता मनीष अवस्थी ने निरीक्षण किया तो कई कमियां सामने आईं। इसमें मौके पर डाली जा रही होलोग्राम सीलों का विवरण देखा गया उसमें से ज्यादातर पाइपों पर वो होलोग्राम नहीं मिला और कालर भी नहीं थे।

मानक की अनदेखी करते हुए ठेकेदार ने सामग्री की आपूर्ति की है। मानक विहीन पाइपों को वापस कराते हुए दूसरे पाइप मंगाने के निर्देश दिए गए।



सीएम ग्रिड योजना के तहत चल रहा है पाइप डालने का कार्य। ● अमृत विचार

> निरीक्षण के दौरान मिली कमियों को लेकर फर्म को नोटिस जारी किया गया है। यहां तक की प्रोजेक्ट मैनेजर भी नहीं मिल रहे हैं। ठेकेदार से अनुपालन आख्या मय जियो टैग फोटोग्राफ्स के साथ पेश करने को कहा गया है। ऐसा न करने पर फर्म के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
> –**मनीष अवस्थी**, मुख्य अभियंता

● **पाइप वापस कराया, एक सप्ताह में कार्य में सुधार न होने पर एजेंसी हो सकती है ब्लैक लिस्ट**

### बिना अनुमोदन के सामग्री की आपूर्ति

सीएम ग्रिड के कामों के निरीक्षण के बाद जारी नोटिस पर गौर किया जाए तो कई स्तर पर लापरवाही बरतने की संकेत मिल रहे हैं। इसमें स्टेडियम रोड से सेलेक्शन प्वाइंट और एकता नगर मार्ग पर ठेकेदार की ओर से बिना विभाग को जानकारी दिए मानक की अनदेखी कर एचडीपीई पाइप डालने का कार्य किया जा रहा है। यहां तक कि मुख्य सामग्री जैसे एचटी, एलटी केबल व पैनल आदि की आपूर्ति जीटीपी (जेनेरिक टाइप अप्रूवल) अनुमोदन के लिए विभाग से अनुमति नहीं ली। अपने हिसाब से ठेकेदार ने खरीदारी की है।

# झांसी और लालकुआं के बीच साप्ताहिक ट्रेन 24 जून से

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे प्रशासन ने झांसी और लालकुआं के बीच साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 04181/04182 चलाने का निर्णय लिया है। ट्रेन झांसी से 24 जून से 5 अगस्त तक प्रत्येक मंगलवार और लालकुआं से 25 जून से 6 अगस्त तक प्रत्येक बुधवार को चलाई जाएगी।

ट्रेन संख्या 04181 झांसी से रात 20:15 बजे रवाना होकर अगले दिन सुबह 09:35 बजे लालकुआं पहुंचेगी, जबकि वापसी में 04182 लालकुआं से दोपहर 12:20 बजे चलकर अगले दिन सुबह 05:00 बजे झांसी पहुंचेगी। ट्रेन में 20 डिब्बे होंगे जिसमें एसएलआर, जनरल, एसएल, एसी कोच शामिल हैं। यह ट्रेन झांसी, दतिया, डबरा, ग्वालियर, मुरैना, धौलपुर, आगरा कैंट, मथुरा जंक्शन, मथुरा कैंट, हाथरस सिटी, कासगंज, बदायूं, बरेली जंक्शन, बरेली सिटी, इज्जतनगर, बहेड़ी, किच्छा होते हुए लालकुआं तक चलेगी। कुल 561.67 किमी की यात्रा ट्रेन 13 घंटे 20 मिनट में तय करेगी।

### रेल यात्रियों की मुश्किलें बढ़ीं, कई ट्रेनें घंटों की देरी से पहुंचीं

**बरेली, अमृत विचार :** ट्रेनों की लेटलतीफी से यात्रियों की मुश्किलें कम नहीं हो रही हैं। शुक्रवार को भी बरेली जंक्शन पर कई ट्रेनें घंटों की देरी से पहुंची और यात्रियों को इंतजार करना पड़ा। 04617 अमृतसर स्पेशल अपने निर्धारित समय से 10 घंटे 30 मिनट की देरी से बरेली जंक्शन पहुंची। इसके अलावा 15073 त्रिवेणी एक्सप्रेस दो घंटे 20 मिनट, 12203 गरीबर रथ पांच घंटे 50 मिनट, 04601 फिरोजपुर स्पेशल 10 घंटे 30 मिनट, 05302 मऊ स्पेशल नौ घंटे 30 मिनट, 04829 गोरखपुर स्पेशल तीन घंटे और 05578 सहरसा स्पेशल 11 घंटे की देरी से पहुंची। रेलवे का कहना है कि ट्रैक रिपेयरिंग, सिग्नलिंग कार्य और मौसम संबंधी कारणों से ट्रेनों की गति प्रभावित हुई है। लगातार देरी से चल रही ट्रेनों के कारण यात्रियों में नाराजगी है। स्टेशन परिसर में स्पष्ट सूचना न मिलने से कई यात्री असमंजस में देखे गए।

# अतिक्रमण के खिलाफ चलेगा विशेष अभियान, निगम तैयार कर रहा रोस्टर

**बरेली, अमृत विचार :** शासन के सख्त निर्देश के बाद अगले सप्ताह से नगर निगम अतिक्रमण हटाने के लिए विशेष अभियान चलाएगा। इसके लिए पुलिस, प्रशासन और निगम की टीम संयुक्त रूप से मौके पर पहुंचेगी। अतिक्रमण हटने के बाद संबंधित थाना क्षेत्र की पुलिस की जिम्मेदारी होगी कि फिर से अतिक्रमण वहां पर न हो।

नगर निगम की टीम अभियान चलाने के लिए रोस्टर बना रही है। इसके तहत निगम की टीम प्रतिदिन विभिन्न जगहों पर अतिक्रमण तोड़ने और अवैध कब्जों को हटाने के लिए पहुंचेगी। यह अभियान फुटपाथ विक्रेताओं, ठेला व्यवसायियों और अस्थायी दुकानों पर केंद्रित होगा, ताकि यातायात जाम और सार्वजनिक उपयोग में व्यवधान पैदा करने वाले अतिक्रमण को हटाया जा सके। नगर निगम के अतिक्रमण प्रभारी और उनकी टीम मंथन कर रही है कि सबसे पहले किस मार्ग से अभियान की शुरुआत की जाए। नगर निगम के अधिकारी समय से पुलिस बल की उपलब्धता के लिए पुलिस अधिकारियों से संपर्क कर रहे हैं। अधिकारियों के मुताबिक सोमवार को रोस्टर जारी किया जाएगा। राजस्व निरीक्षक सच्चिदानंद ने बताया कि अतिक्रमण हटाने के लिए विशेष अभियान की तैयारी की जा रही है।

● **अगले सप्ताह पुलिस, प्रशासन व नगर निगम की टीम अतिक्रमण करने वालों पर करेगी कार्रवाई**

# बारिश का कल ऑरेंज अलर्ट, फिर चार दिन येलो

**बरेली, अमृत विचार :** मौसम विभाग ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मानसून सक्रिय होने के बाद बरेली में रविवार को बारिश का ऑरेंज और सोमवार से गुरुवार तक येलो अलर्ट जारी किया है। बारिश होने से आगामी पांच दिनों में तापमान में 5-6 डिग्री की गिरावट दर्ज हो सकती है।

शुक्रवार को दिन की शुरुआत बादल छाए रहने के साथ हुई। दोपहर बाद निकली धूप ने लोगों को गर्मी का अहसास कराया। अधिकतम तापमान सामान्य से चार डिग्री सेल्सियस कम 31 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बीते 24 घंटे में 0.6 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई।

# जल्द स्थापित होगी आईपीएचएल 120 प्रकार की हो सकेंगी जांचें

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● **लैब स्थापित कराने के लिए शासन की टीम ने देखी भूमि, 500 वर्ग मीटर भूमि पर बनेगी लैब**

● **हीमोटोलोजी, बायोकेमिस्ट्री हिस्टोपैथोलोजी, माइक्रोबायोलोजी मॉलिक्यूलर जांचें होंगी**

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में जल्द ही इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैबोरेट्री (आईपीएचएल) स्थापित होगी। लैब स्थापित करने के लिए शासन की टीम गुरुवार को अस्पताल पहुंची और एडीएसआईसी के साथ बैठक की। टीम ने अन्य अधिकारियों के साथ लैब के लिए भूमि भी चिह्नित की। लैब बनने के बाद इसमें शरीर की 120 प्रकार की जांचें हो सकेंगी।

कैंसर के साथ हीमोटोलोजी, बॉयोकेमिस्ट्री, हिस्टोपैथोलोजी, माइक्रोबायोलोजी, मॉलिक्यूलर की जांच के लिए मरीजों को निजी मेडिकल कॉलेजों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। लैब स्थापित होने ये जांचें यहीं हो सकेंगी। इसके अलावा अभी जो जांचें हो रही हैं, वे भी इसी लैब में होंगी।

### 300 बेड अस्पताल में हो सकती है लैब स्थापित

शासन ने एनएचएम के माध्यम से लैब स्थापना को मंजूरी दी है। इसकी स्थापना के लिए करीब 500 वर्ग फुट इंडोर भवन की आवश्यकता है, लेकिन जिला अस्पताल परिसर का भवन 100 वर्ष पुराना है। यहां पर इतना बड़ा भवन मौजूद नहीं है इसलिए तीन सौ बेड अस्पताल में लैब स्थापित करने पर विचार किया जा रहा है।

> आईपीएचएल की स्थापना के लिए शासन की टीम के साथ बैठक हुई। अभी भूमि चिह्नित करने की प्रक्रिया की गई है, हालांकि कहां लैब स्थापित होगी इसका निर्णय अभी नहीं लिया गया है। जल्द से जल्द लैब स्थापित कराने का प्रयास है।
> – **डॉ. अलका शर्मा**, एडीएसआईसी, जिला अस्पताल

# कीचड़ से भरी सड़कों से गुजर रहे लोग







**बरेली, अमृत विचार :** जल निकासी की व्यवस्था ठीक न होने से शहर की कई सड़कों पर कीचड़ और फिसलन हो गई है। इसकी वजह से लोगों को दिक्कत हो रही है। कई जगह लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं। बाकरगंज, सुभाष नगर, नेकपुर गौटिया, एजाजनगर इलाकों में मुख्य मार्गों पर पानी भरने से हालात बेहद खराब हो गए हैं। पैदल राहगीरों और दोपहिया वाहन चालकों को रोजाना जान जोखिम में डालकर इन रास्तों से गुजरना पड़ रहा है।

## बारिश में कटकर बही सड़क



शाहजहांपुर रोड पर कैंट क्षेत्र में नकटिया पुल से उतरते ही सड़क कई जगह बारिश में साइड से कटकर बह गई है। यहां तक की सफेद पट्टी भी टूट गई। इसकी वजह से रात में हादसे का खतरा बना हुआ है, क्योंकि साइड में काफी गहरी खाई है। ● अमृत विचार

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

ADITYA EYE AND LASER CENTRE
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध।
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नंबर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
8077344353
समयः- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
NABH PRE ACCREDITED
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

# मंडल में 5578 किलोमीटर सड़कों की सुधरेगी दशा, खर्च होंगे 12,180 करोड़

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● **पीडब्ल्यूडी ने जनप्रतिनिधियों से मिले 3602 प्रस्तावों पर शासन को भेजा एस्टीमेट**

● **प्रस्तावित कार्ययोजना में छोटे-बड़े 300 से अधिक पुल और पुलिया भी हैं शामिल**

**अमृत विचार :** मंडल की 5578 किलोमीटर सड़कों की स्थिति सुधारने के लिए पीडब्ल्यूडी ने 12,180 करोड़ रुपये के प्रस्ताव शासन को भेजे हैं। अधिकारियों के मुताबिक 3602 प्रस्ताव जनप्रतिनिधियों ने दिए थे। प्रस्तावित कार्ययोजना में छोटे-बड़े 303 पुल, पुलिया के अलावा जर्जर सड़कों के नवीनीकरण, विशेष मरम्मत के प्रस्ताव शामिल हैं।

विधायकों, विधान परिषद सदस्यों और सांसदों के प्रस्तावों के मुताबिक मंडल में 3665 किमी लंबी 2167 सड़कों के निर्माण पर सर्वाधिक 3568 करोड़ रुपये खर्च होने हैं। दूसरे नंबर पर सर्वाधिक बजट सड़कों के चौड़ीकरण का है। 490 किमी लंबी 98 सड़कों के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण पर 2501 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसके अलावा जिलों की सीमा पर 16.80 किमी लंबे मार्ग बनाने के लिए 152 करोड़ रुपये के प्रस्ताव हैं। 280 करोड़ रुपये 16 धर्मस्थलों के मार्गों के चौड़ीकरण पर खर्च होंगे, जो 42 किमी लंबे हैं।

इसके अलावा 23 करोड़ औद्योगिक पार्क में पांच किमी सड़क निर्माण के लिए प्रस्तावित हैं। सड़कों की विशेष मरम्मत के भी 477 प्रस्ताव हैं, जिनमें 634 किमी सड़क के लिए 229 करोड़ का प्रस्ताव भेजा गया है। 121 मार्गों के पुनः निर्माण के लिए 121 करोड़, 260 संपर्क मार्गों के लिए 269 करोड़, 53 मार्गों को गन्ना किसानों की जरूरत के अनुरूप बनाने पर 44 करोड़, 303 छोटे-बड़े पुल और उनके एप्रोच मार्गों को बनाने पर 3128 करोड़ का व्यय प्रस्तावित है। राज्य सड़क निधि से पुनर्निर्माण के लिए 12 सड़कों को चुना गया है। जिनपर 625.37 करोड़ खर्च होंगे। जिले में पांच बड़े पुल प्रस्तावित हैं। जिन पर एक हजार करोड़ रुपये खर्च का अनुमान है। अधिकारियों के मुताबिक शासन से प्रस्तावों की मंजूरी के साथ जैसे-जैसे बजट जारी होगा, उसी के अनुसार टेंडर प्रक्रिया के बाद काम कराया जाएगा।

### पुराने काम भी नई कार्ययोजना में शामिल

चीफ इंजीनियर अजय कुमार ने बताया कि शासन को पिछले साल प्रस्ताव भेजे गए थे, लेकिन, पैसा नहीं मिलने की वजह से तमाम कार्य अधूरे हैं। ऐसे में 2025-2026 की कार्ययोजना में जनप्रतिनिधियों के पुराने के साथ नए प्रस्ताव भी शामिल किए गए हैं। पिछले साल के करीब पांच हजार करोड़ रुपये की लागत के काम नई कार्ययोजना में शामिल हैं। अगस्त तक कई प्रस्तावों को स्वीकृति मिलने की उम्मीद है।

# इंस्पायर अवार्ड : अब 11 वीं और 12 वीं के विद्यार्थी भी कर सकेंगे आवेदन

**बरेली, अमृत विचार:** केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय की इंस्पायर अवार्ड योजना में 11वीं और 12 वीं कक्षा के विद्यार्थी भी अपने नवाचारी विचारों को प्रस्तुत कर सकेंगे। पहले सिर्फ छठी से 10 वीं तक के विद्यार्थी इसमें हिस्सा लेते थे। इस संबंध में महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने पत्र जारी किया है। चयनित विद्यार्थियों को अपने प्रोजेक्ट के लिए 10 हजार रुपये की सहायता राशि दी जाएगी।

डीआईओएस डॉ. अजीत कुमार सिंह ने बताया कि वर्ष 2025-26 के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इसमें 15 सितंबर तक विद्यार्थी इनोवेटिव आइडिया के साथ आवेदन कर सकते हैं। चयनित विद्यार्थियों को अपने आइडिया पर मॉडल भी तैयार करना होगा। यह आइडिया बच्चों को मंत्रालय के पोर्टल पर अपलोड करने होंगे। देशभर में एक लाख श्रेष्ठ आइडिया चयनित किए जाएंगे।

卐 पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा 卐
बस "खुशबू" ही नहीं स्वाद भी है
"शुद्धता का एहसास" ••• भी है। •••
हर समझदार गृहणी की पसन्द
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

# दस हजार की रिश्वत लेते हुए दरोगा गिरफ्तार

## एंटी करप्शन की टीम ने फरीदपुर थाना परिसर से दबोचा, मुकदमे से नाम निकालने के बदले में मांगे थे एक लाख

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** फरीदपुर थाना परिसर से शुक्रवार को एंटी करप्शन की टीम ने 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए दरोगा सुनील कुमार वर्मा को गिरफ्तार किया। दरोगा ने जानलेवा हमले के मुकदमे की विवेचना में आरोपियों को फायदा पहुंचाने और नाम निकालने के बदले में एक लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी। सादे कपड़ों में पहुंची टीम को दरोगा ने वर्दी का रौब दिखाने की कोशिश की, लेकिन वह बच नहीं सका। उसके खिलाफ कोतवाली में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं में रिपोर्ट कराई गई है।

फरीदपुर थाने में डेढ़ साल से तैनात दरोगा सुनील कुमार वर्मा मूलरूप से जिला बिजनौर के थाना कोतवाली शहर के रसीदपुर गढ़ी का निवासी है। काफी समय से उसका परिवार रामपुर के थाना सिविल लाइंस की विष्णु विहार कॉलोनी, ज्वाला नगर में रहता है।


आरोपी दरोगा सुनील कुमार।

फरीदपुर थाना क्षेत्र के गांव भगवंतापुर निवासी रेहान अंसारी से उसने जानलेवा हमले के एक मामले की विवेचना में फायदा पहुंचाने और आरोपियों के नाम निकाल कर मामले को खत्म करने का वादा किया था। इसके लिए एक लाख रुपये की रिश्वत तय की गई। रेहान ने इसकी शिकायत एंटी करप्शन टीम से की थी। शुक्रवार को दरोगा ने रेहान को रुपये लेकर थाने बुलाया था। रेहान की सूचना पर एंटी करप्शन की ट्रैप टीम ने इंस्पेक्टर प्रवीन सान्याल के नेतृत्व में जाल बिछा दिया। दरोगा रुपये लेने के लिए रेहान को थाने में रसोई के सामने पीपल के पेड़ के नीचे ले गया। रेहान ने उसे 10 हजार रुपये दिए तभी एंटी करप्शन की टीम ने दरोगा को दबोच लिया। दरोगा ने वर्दी का रौब भी दिखाया, लेकिन जब उसे पता लगा कि अब वह फंस चुका है तब उसके होश उड़ गए।

### प्रेमी को खंभे से बांधकर पीटने के मामले में खेल

- वीडियो वायरल होने पर मामले में दर्ज की गई थी रिपोर्ट

**बरेली/फरीदपुर, अमृत विचार :** आधी रात प्रेमिका से मिलने पहुंचे प्रेमी को खंभे में बांध कर पीटने के मामले में फरीदपुर थाने के दरोगा सुनील कुमार वर्मा खेल कर रहे थे। जबकि यह मामला घटना के समय काफी चर्चित हुआ था। जिसके बाद ग्राम प्रधान समेत दर्जनों लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। बता दें कि झांसी निवासी युवक पांच साल से फरीदपुर के एक गांव में रहकर गोलगप्पे बेचने का काम करता था। वह 29 अप्रैल को आधी रात को दूसरे समुदाय की प्रेमिका से मिलने पहुंचा था। प्रधान की मौजूदगी में ग्रामीणों ने उसे खंभे से बांधकर पीटा। लहूलुहान युवक को एक बुजुर्ग ने किसी तरह भगाया। तीसरे दिन घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। जिसके बाद पुलिस ने अपनी ओर से रिपोर्ट दर्ज कर कुछ आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इसी मामले में दरोगा खेल करने में लगे हुए थे। कुछ आरोपियों के नाम निकालने और धारा में बदलाव करने के बदले में एक लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी।

> एक लाख रुपये की रिश्वत मांगने वाले दरोगा को 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। टीम मामले की जांच कर रही है।
>
> –**यशपाल सिंह**, सीओ एंटी करप्शन

### दलित किशोरी से दुष्कर्म के दोषी को उम्रकैद

**विधि संवाददाता, बरेली :** छह साल पहले 15 वर्षीय दलित किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी थाना देवरनियां क्षेत्र निवासी यासीन को परीक्षण में कोर्ट ने दोषी पाया। स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट नरेंद्र प्रकाश ने उसे आजीवन कारावास और 37 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माने की आधी रकम पीड़िता को बतौर मुआवजा दी जाएगी। सरकारी वकील सुभव कुमार मिश्रा और कुलदीप श्रोतिया ने बताया कि पीड़िता के पिता ने थाना देवरनियां में तहरीर देकर बताया कि उसकी बेटी 20 जनवरी 2019 को सुबह 5 बजे शौच के लिए गयी थी उस समय यासीन उसे जबरन उठाकर ले गया और बनबसा ले जाकर बंधकर बनाकर दुष्कर्म किया। पीड़िता ने अपने बयान में बताया कि घर के बाहर नल पर वह पानी लेने गई तो वहां पांच–छह लोग मुंह बांधे हुए थे, किसी ने मेरे सिर में डंडा मारा तो मैं बेहोश हो गई। होश आने पर बनबसा में थी। यासीन ने दुष्कर्म किया। पुलिस ने दुष्कर्म, पॉक्सो, एससी, एसटी एक्ट की धाराओं में आरोप पत्र कोर्ट भेजा था। शासकीय अधिवक्ता ने 10 गवाह पेश किए।

### आज का मौसम

तेज हवा चलने और भारी बारिश के आसार।

| 31.0° | 27.0° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |

### शहर में आज

- अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के झंडा ग्राउंड में योगाभ्यास सुबह 6 बजे।
- बरेली कॉलेज के मैदान पर योग संगम का आयोजन सुबह 6 बजे।
- श्री सोमनाथ मंदिर प्रभात नगर में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा शाम 4 से 7 बजे।
- सनातन धर्म मंदिर के 26 वें प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव पर एक शाम श्री राधा नाम गुणगान भजन संध्या शाम 7:30 बजे।
- वरिष्ठ नागरिक कल्याण सेवा समिति की ओर से डीडीपुरम पार्क में सुबह 7 बजे से योग कार्यक्रम।
- मॉडल टाउन स्थित श्री हरि मंदिर में श्री राम कथा शाम 8 बजे से।

### महिला से पड़ोसी ने की अश्लील हरकतें

**बरेली, अमृत विचार :** सुभाषनगर थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ पड़ोसी युवक ने अश्लील हरकतें की और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। महिला ने बताया कि पड़ोसी उदयवीर उसे अकेला देखकर आए दिन अश्लील फब्तियां कसता है और अश्लील इशारे करता है। उसके परिजनों से शिकायत की लेकिन उसमें कोई सुधार नहीं हुआ। आरोप है कि 15 जून को वह छत पर कपड़े सुखाने गई थी, इसी बीच आरोपी अर्धनग्न होकर अश्लील फब्तियां कसते हुए इशारे करने लगा।

### उधार रकम दी मांगने पर युवक को मारा पत्थर

**बरेली, अमृत विचार :** उधार के 80 हजार रुपये मांगने पर युवक पर आरोपी ने छत से फेंककर पत्थर मार दिया और जान से मारने की धमकी दी। युवक की शिकायत पर थाना सुभाषनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ग्रीन वैली कॉलोनी निवासी सुमित का कहना है कि सुभाषनगर निकट सब्जी मंडी निवासी मोहनपाल ने उससे 80 हजार रुपये उधार लिए थे। तय समय पर पैसे वापस न करने पर वह मोहनपाल के घर तकादा करने गया। आरोप है कि मोहन ने अपने घर का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। छत पर चढ़कर उसे जान से मारने की धमकी दी और पत्थर फेंक कर मार दिया। बचाव करने में उसकी एक उंगली टूट गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# फरीदपुर में 11 केवी की लाइन टूटी, करंट लगने से मजदूर की मौत, महिला झुलसी

- जमीन में करंट फैलने से कुछ जानवर भी आए चपेट में

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** फरीदपुर थाना क्षेत्र के गांव दीपपुर तिराहा में बृहस्पतिवार रात 11 केवी की लाइन टूटने से करंट घरों तक पहुंच गया और कई घरों में विद्युत उपकरण फुंक गए। करंट लगने से एक मजदूर की मौत हो गई और एक महिला झुलस गई। जमीन में करंट फैलने से कुछ जानवरों भी चपेट में आ गए।

गांव दीपपुर तिराहा में गुरुवार रात 8 बजे गांव के लोग खाना खाकर अपने-अपने घरों में थे। बूंदाबांदी हो रही थी। इसी दौरान गांव के पास से गुजर रही 11 केवी की लाइन टूटने के बाद सपोर्ट वायर पर लटक गई। इसके जरिये करंट एलटी लाइन में आ गया और लोगों के घरों तक पहुंच गया। इसके साथ ही गांव में जगह-जगह फाल्ट होने लगे। गांव के प्रेमराज ने बताया कि करंट घरेलू लाइन में आने के कारण फॉल्ट हुआ। एक तार टूट कर पास ही बैठे उनके बेटे विजेंद्र पर गिर गया। इससे उसकी मौत हो गई। नरेश ने बताया कि उनकी पत्नी सुनीता पंखे के नीचे बैठी थीं। करंट से पंखे में चिंगारी निकली और सुनीता झुलस गई। झटका लगने के कारण वह भी दूर जाकर गिरे।

गांव के लोगों ने बताया कि गांव के चारों ओर से लाइन गुजर रही है। तार जर्जर हो गए हैं। कई बार विद्युत निगम के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से लाइन हटवाने की मांग की गई, लेकिन सुनवाई नहीं हुई।

> बारिश और नमी के कारण 11 केवी के सपोर्ट वायर में करंट आ गया था। इसके जरिए कुछ घरों तक करंट पहुंचा होगा। मामले में जांच की जा रही है।
>
> – **उमेश कुमार**, एसडीई फरीदपुर

### चौपुला चौराहे के पास तार टूटकर मकान पर गिरा

**बरेली, अमृत विचार :** चौपुला चौराहे के पास शुक्रवार शाम 4 बजे को 11 हजार की हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर एक मकान पर गिर गया। इसके बाद करंट फैल गया। अधिकारियों को फोन करके आपूर्ति को बंद कराया। इसके अलावा शहर के अन्य इलाकों में भी अन्य वजह से बिजली संकट रहा। वहीं महानगर सब स्टेशन से जुड़े इलाकों में 400 मीटर की जर्जर बंच केबल को बदलवाने का काम किया गया। इसकी वजह से चार घंटे तक बिजली आपूर्ति बंद रही। किला और सुभाषनगर सबस्टेशन के इलाकों में लोकल फाल्ट से दिक्कत रही। मिशन सबस्टेशन के छोटी बमनपुरी में शुक्रवार रात 9 बजे फाल्ट होने से आपूर्ति बाधित रही। डीडीपुरम क्षेत्र के कानून गोयान में भी आपूर्ति बाधित रही। कांकरटोला, रामपुर गार्डन, कुतुबखाना, सदर कैंट, सिविल लाइंस प्रथम द्वितीय और तृतीय, दुर्गा नगर, सनसिटी, डेलापीर, हरुनगला, सर्किट हाउस चौराहा, पुराना बस अड्डा, सीबीगंज, लोहिया विहार आदि इलाकों में भी समस्या रही।

खबरें www.amritvichar.com पर भी पढ़ें

सरदार वल्लभ भाई पटेल डिग्री कॉलेज
भोजीपुरा, बरेली
निःशुल्क प्रवेश सत्र 2025–26
स्नातक प्रथम वर्ष
B.A. B.Sc. B.Com. B.Sc. Home Science B.B.A. B.C.A.
अन्य संचालित कोर्स
M.A. M.Sc. M.Sc. Home Science M.A. Home Science M.A. Drawing & Painting
D. Pharma COLLEGE CODE : 2143/3059 B.El.Ed. D.El.Ed.(BTC) B.Ed.
Contact No.
9412287776, 9412288876
9412288878, 9457507777
चेयरमैन - डा. हरीशंकर गंगवार
9412287777

वर्ष 1988 से खुसरो मैमोरियल ट्रस्ट द्वारा संचालित
खुसरो कॉलेज
स्लीपर रोड सी.बी.गंज, बरेली
फोन 7417587162, 8923928009
Courses Offered:
B.A., B.Sc, B.Com, B.B.A., BCA, M.Com, M.Sc. (Chemistry, Physics, Zoology, Botany, Mathematics) M.A. (English, Hindi, Economics) Sociology, Political Science, Urdu, Education, History
नोट:- इस वर्ष आधी फीस पर प्रवेश



# घर-घर बना रहे योगी...काया हो रही निरोगी

## आयुष्मान आरोग्य मंदिर के सीएचओ संजय सैनी दमखोदा ब्लॉक के गांव सिमरा में ग्रामीणों को करा रहे योग

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

अंकित चौहान, बरेली

**अमृत विचार :** योग करें और निरोग रहें...इस मंत्र को आत्मसात कर तमाम लोग दूसरों को भी योग के प्रति जागरूक कर रहे हैं और उन्हें योग के जरिये निरोग रहने के फायदे बता रहे हैं। इन्हीं में से एक हैं संजय सैनी, जो दमखोदा ब्लॉक के सिमरा गांव के आयुष्मान आरोग्य मंदिर में कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर (सीएचओ) हैं, वह योग पाठशाला के माध्यम से गांव वालों को योग की ओर ले जा रहे हैं। घर-घर में योग प्रशिक्षक तैयार कर रहे हैं।

संजय सैनी जब स्वास्थ्य सेवा में आए तो मरीजों को बेहतर इलाज की शपथ दिलाई गई, लेकिन उनके जहन में एक और संकल्प था कि क्यों न ग्रामीणों को योग की ओर ले जाएं, जिससे उन्हें इलाज की आवश्यकता ही न पड़े।


आयुष्मान आरोग्य मंदिर में योग करतीं महिलाएं और बच्चे।

- दो साल में गांव के 500 में से 250 परिवारों की महिलाओं और बच्चों को किया प्रशिक्षित

फिर क्या, वर्ष 2023 जनवरी में कार्यभार ग्रहण करते ही वह स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को इलाज देने के बाद योग कराने के लिए प्रेरित करने लगे। उनकी मेहनत रंग लाई, गांव के तमाम युवा, महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग सुबह उनके पास योगाभ्यास करने के लिए आने लगे।

### राष्ट्रीय स्तर पर भी योग में चमके संजय



संजय बताते हैं कि वह मूलरूप से राजस्थान के निवासी हैं। नौकरी करने से पहले वह राजस्थान में ही संजय योगा क्लासेस नाम से अकादमी चलाते थे। वर्ष 2023 व 2024 में योग को लेकर पश्चिम बंगाल और राजस्थान में आयोजित नेशनल प्रतियोगिताओं में वह दो बार गोल्ड और सिल्वर मेडल जीत चुके हैं। बताया कि उनके प्रशिक्षित विद्यार्थी योग को जन-जन तक पहुंचाने काम कर रहे हैं। मेडल भी जीत रहे हैं।

### योग करने के लिए प्रेरित किया

संजय सैनी बताते हैं कि शुरुआत में गांव में भ्रमण के दौरान लोगों को योग के फायदे बताए, ग्राम प्रतिनिधियों को भी जागरूक किया। गांव के सरकारी स्कूलों में भी शिक्षकों से अनुरोध कर बच्चों को योग करने के लिए प्रेरित करने को कहा। प्रयास रंग लाया और करीब दो साल की कड़ी मेहनत के बाद अब गांव में बसे 500 परिवारों में से करीब 250 परिवार की महिला, बच्चा या फिर अन्य को योग को पूरी तरह से समझकर एक प्रशिक्षक के तौर पर तैयार किया। बताया कि महिलाएं घर के दैनिक कार्य को खत्म कर समय से आरोग्य मंदिर में योगाभ्यास करने के लिए लंबे समय से आ रही हैं। बच्चों भी योग को लेकर उत्साहित रहते हैं।

### कंप्यूटर प्रशिक्षण के लिए 14 जुलाई तक करें आवेदन

**बरेली, अमृत विचार :** छात्रवृत्ति न लेने वाले अन्य पिछड़ा वर्ग के शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियां ओ-लेवल और सीसीसी कंप्यूटर प्रशिक्षण के लिए 14 जुलाई तक आवेदन कर सकेंगे। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी इंद्रसेन सरोज ने बताया कि अभ्यर्थी की शैक्षिक योग्यता इंटर होनी चाहिए। अभ्यर्थियों को विभाग की वेबसाइट obccomputertraining.upsdc.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। अभ्यर्थी के अभिभावक की वार्षिक आय (ग्रामीण और शहरी) एक लाख से अधिक और अधिकतम आयु 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। लो-लेवल कंप्यूटर प्रशिक्षण की अवधि एक वर्ष और सीसीसी कंप्यूटर प्रशिक्षण की अवधि तीन माह की होगी।

# बच्चे भी सिखाएंगे योग की बारीकियां

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर बरेली कॉलेज के मैदान पर आज हजारों लोग करेंगे योग

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** 11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर हजारों लोग बरेली कॉलेज के मैदान में योग करेंगे। इसकी तैयारियां पूरी हो गई हैं। योग प्रशिक्षण देने के लिए आयुष विभाग के 96 योग प्रशिक्षक, योग संस्थाओं के अलावा 9 से 17 साल तक के बच्चे भी वालंटियर के रूप में गाइड करते नजर आएंगे।

सबसे कम उम्र की नौ वर्षीय परिणीता हैं, जो तीन सालों से प्रशिक्षण ले रही हैं। वहीं कालीबाड़ी के रहने वाले अथर्व शुक्ला, हर्षित व राज तीनों की उम्र मात्र 13 साल है, जो केवल एक साल में ही अधिकांश योग मुद्राओं में निपुण हो चुके हैं। केवी जेएलए 2 के आठवीं के छात्र निकुंज और साहू गोपीनाथ स्कूल की 11 वीं की छात्रा खुशी मौर्य ऑनलाइन माध्यम से योग सीखकर निपुण हो चुके हैं। ये सभी बच्चे योग शिविरों में भाग लेने वाले लोगों को सही मुद्राएं कराने के लिए योग वालंटियर बनाए गए हैं। योग प्रशिक्षक विजय ने बताया ये सभी बच्चे पूरा साल निरंतर योग करते आ रहे हैं, योग दिवस के लिए बच्चों ने विशेष तैयारी की है। क्षेत्रीय आयुर्वेद अधिकारी डॉ अभिषेक सिंह ने बताया इन सभी बच्चों को योग अभ्यास के दौरान आम जन से आगे रखा जाएगा, जिससे लोग इन्हें देखकर योग सीख सकें और अपनी मुद्राओं को ठीक कर सकें।


ऊष्टासन करतीं खुशी मौर्य।


योगाभ्यास करते अथर्व शुक्ला।

- नन्हें योग वॉलंटियर करेंगे योग सीखने में सहायता

### योग संगम में प्रभारी मंत्री व नोडल अधिकारी होंगे शामिल

योग संगम कार्यक्रम में सहकारिता विभाग एवं जिला प्रभारी मंत्री जेपीएस राठौर और प्रमुख सचिव सहकारिता विभाग/नोडल अधिकारी सौरभ बाबू के अलावा जनपद के जनप्रतिनिधि व अधिकारी प्रतिभाग करेंगे। सामूहिक योगाभ्यास, रंगोली, स्लोगन, योगासन, आशुभाषण एवं पोस्टर प्रतियोगिताओं आदि का आयोजन किया जाएगा। सीडीओ ने अधीनस्थों को कार्यक्रम में लोगों के बैठने के उचित इंतजाम, पेयजल, शौचालय, साफ सफाई, पार्किंग आदि व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के आदेश दिए हैं। सीएमओ को योग स्थल पर प्राथमिक उपचार दल एवं एम्बुलेंस की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं।

### बारिश होने पर अर्बन हाट में लगाया जाएगा योग शिविर

क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. अभिषेक सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशन में योग शिविर बरेली कॉलेज के मैदान में शनिवार सुबह 5 बजे से आयोजित होगा। यदि कार्यक्रम के दौरान बारिश होती है तो यह कार्यक्रम अर्बन हॉट के इंडोर हाल में आयोजित होगा। जहां 400 से 500 लोगों के लिए योग शिविर का इंतजाम किया गया है।

# शिक्षक और छात्रों ने पौधे लगाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** केशलता ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन की ओर से केशलता कॉलेज ऑफ नर्सिंग /स्कूल ऑफ नर्सिंग, केशलता इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज एवं केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी में शुक्रवार को पौधरोपण अभियान का आयोजन हुआ। जिसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देना है। अभियान में शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया।

मुख्य अतिथि संस्थान के उपाध्यक्ष गोपाल अग्रवाल, प्रशासनिक अधिकारी देवेन्द्र खंडेलवाल, केशलता कॉलेज/स्कूल ऑफ नर्सिंग की प्रधानाचार्या डॉ. प्रतिभा मनोहरम बी, पैरामेडिकल एवं फार्मेसी विभाग के प्रधानाचार्य डॉ. पंकज मिश्रा के साथ शिक्षकों व छात्र-छात्राओं ने छायादार एवं औषधीय पौधे जैसे अमलतास, गुलमोहर, हरसिंगार, चंपा, नीम, अर्जुन, आम, नीबू, जटामानसी, लौंग, तुलसी, हल्दी, अशोक, जामुन आदि लगाए। संस्थान के चेयरमैन डॉ. केशव अग्रवाल ने हर एक छात्र को पौधे लगाने को प्रेरित कर उसकी स्वयं देखभाल करने को कहा। सचिव डॉ. लता अग्रवाल ने बताया कि पौधरोपण का मुख्य उद्देश्य न केवल परिसर को हरा-भरा बनाना, बल्कि पर्यावरण की सुरक्षा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाना है। इस प्रकार के प्रयास न केवल पर्यावरणीय संतुलन को बनाए रखने में सहायक होते हैं, बल्कि सामाजिक, आर्थिक और व्यक्तिगत स्तर पर भी अनेक लाभ प्रदान करते हैं।


कॉलेज परिसर में पौधरोपण करते शिक्षक और छात्र-छात्राएं।

- केशलता ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन के कॉलेजों में हुआ पौधरोपण

# योग को धर्म से जोड़कर न देखें : मौलाना शहाबुद्दीन

**बरेली, अमृत विचार :** विश्व योग दिवस को लेकर ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी ने बयान जारी कर योग का विरोध करने वालों को नसीहत दी है। उन्होंने कहा कि योग दिवस को सभी धर्मों के लोग मिलजुल कर शानदार तरीके से मनाएं। पुरुष हो या महिला सबके स्वास्थ्य के लिए योग लाभदायक है। योग के लिए जरूरी नहीं है कि पार्कों में या योगा सेंटर में जाएं, बल्कि अपने घरों में हर रोज सुबह उठकर नमाज पढ़ें, फिर योगा करें। मौलाना ने कहा कि योगा महिलाओं के लिए बहुत ज्यादा जरूरी है, चूंकि महिलाओं का पुरुष की तुलना में चलना-फिरना बहुत कम होता है, महिलाएं ज्यादातर घरों में रहती हैं। इसलिए जो व्यक्ति ज्यादा बैठने का काम करता है, उसे बीमारियां ज्यादा जकड़ लेती हैं, योगा एक ऐसा कार्य है, जिसके करने से छोटी-छोटी बीमारियां खुद ही खत्म हो जाती हैं। हर रोज 20 मिनट योग जरूर करें।

- कहा- मुसलमान पुरुष व महिलाएं करें योगा, मदरसों में भी होनी चाहिए योगा

मौलाना ने योग को धर्म से जोड़ने वालों को जवाब देते हुए कहा कि योगा शब्द संस्कृत से आया है, जिसे उर्दू में वर्जिश और अंग्रेजी में एक्सरसाइज कहते हैं। कुछ नासमझ लोग योग को धर्म से जोड़ देते हैं और गलत तरीके से लोगों को भ्रमित करने की कोशिश करते हैं। योगा भारतीय कल्चर का हिस्सा है, जो सदियों पहले सूफी-संत अपने अनुयायियों के दिल, दिमाग और शरीर को चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए 40 दिन का चिल्ला कराते थे। मौलाना ने कहा कि देश के सभी मदरसों में रोजाना छात्र व छात्राओं को योगा कराना चाहिए, पहले योगा करने की ट्रेनिंग दी जाए, फिर उनसे योगा कराया जाए।

# मंदिरों में प्लास्टिक पूर्णरूप से प्रतिबंध बिजली व्यवस्था को चाक चौबंद रखें

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** एडीएम सिटी सौरभ दुबे की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कांवड़ यात्रा के संबंध में बैठक हुई। उन्होंने विद्युत विभाग को निर्देश दिए कि श्रावण मास में समस्त मंदिरों में बिजली व्यवस्था दुरुस्त रखें। नगर निगम को निर्देश दिए कि मंदिर परिसर के आस-पास साफ-सफाई और पीने के पानी की व्यवस्था चाक चौबंद रखें। कांवड़ यात्रा के दौरान कांवड़ियों को कोई असुविधा न हो।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश हैं कि मंदिर परिसर में प्लास्टिक को पूर्ण तरह से प्रतिबंध करें। नागरिक सुरक्षा को निर्देश दिए कि मंदिर परिसर के प्रवेश, निकासी द्वार में सिविल डिफेंस के वॉलिंटियर्स को तैनात करें। श्रावण मास में मांस व मदिरा खुले में बेचने पर पाबंदी रहेगी, ताकि किसी की आस्था में व्यवधान उत्पन्न न हो सके। कहा कि समस्त मंदिरों में सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी, इसकी ऑडियो तथा वीडियो सुरक्षित रखी जाए।एसपी सिटी मानुष पारिक ने कहा कि मंदिरों में सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रहे। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री, सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह सहित समस्त मंदिरों के महंत उपस्थित रहे।


कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करते एडीएम सिटी सौरभ दुबे। ● अमृत विचार

- एडीएम सिटी ने कांवड़ यात्रा के संबंध में अफसरों के साथ की बैठक
- कहा-कांवड़ यात्रा के दौरान कांवड़ियों को कोई असुविधा न हो

### जुलूसों की ड्रोन कैमरे से हो निगरानी : एडीजी

**बरेली, अमृत विचार :** अपर पुलिस महानिदेशक रमित शर्मा ने गूगल मीट के माध्यम से वीडियो कांफ्रेंसिंग कर आगामी त्योहार श्रावण मास और मोहर्रम को सकुशल संपन्न कराने के लिए की गई तैयारी की समीक्षा की। एडीजी ने कहा कि त्योहारों पर कोई नई परंपरा न पड़े। संवेदनशील स्थानों पर जाकर उच्चाधिकारी समीक्षा कर लें कि वर्तमान में वहां पर कोई विवाद की स्थिति तो नहीं है। जुलूसों के साथ पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाए। ड्रोन कैमरों से जुलूस मार्गों का निरीक्षण किया जाए।

## सार-संक्षेप

### सुबह छह बजे विश्वविद्यालय के स्टेडियम में होगा योग

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय की ओर से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। एक साथ योग संकल्प और सामूहिकता का प्रतीक शीर्षक वाला यह कार्यक्रम शनिवार को सुबह 6 विश्वविद्यालय परिसर स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित होगा। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस आयोजन में सभी अधिकारियों, शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं से अनिवार्य रूप से अपनी प्रतिभागिता सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है।

### योग दिवस कार्यक्रम के लिए पहुंचे मंत्री का स्वागत

**बरेली, अमृत विचार :** सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जीपीएस राठौर शुक्रवार को सर्किट हाउस पहुंचे। जहां भाजपा जिलाध्यक्ष सोमपाल शर्मा और आंवला जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह ने उनका स्वागत किया। मंत्री शनिवार सुबह बरेली कॉलेज मैदान में योग दिवस के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।



### कलाकारों ने चित्रों के माध्यम से दिया योग का संदेश



**बरेली, अमृत विचार :** योग दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और दिवाकर आर्ट सेंटर की ओर से शुक्रवार को राजेन्द्र नगर स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज चौक पर कला उत्सव का आयोजन हुआ। बच्चों ने चित्रों में पर्यावरण, वृक्षारोपण, भारत माता, पृथ्वी संरक्षण, योग प्राणायाम आदि का चित्रण किया। आलोक प्रकाश, दिवाकर आर्य, नीतू गोस्वामी, डॉ. रागिनी मिश्रा, ज्योति गोयल, प्रीति छाबड़ा, लोकेश कालरा, अनुभव रस्तोगी, अनिल कुमार राही, कमलेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

### वरिष्ठ नागरिकों ने डीडीपुरम पार्क में किया योग



**बरेली, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर वरिष्ठ नागरिक कल्याण सेवा समिति की ओर से शुक्रवार सुबह डीडी पुरम पार्क में विशेष योग शिविर का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लिया। शिविर की शुरुआत सूर्य नमस्कार और प्राणायाम सत्र से हुई। योग विशेषज्ञों ने विभिन्न आसनों का प्रदर्शन किया और उनके लाभ बताए। सेवानिवृत्त मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. वीपी भारद्वाज ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि एक जीवन जीने की कला है, जो मन और शरीर दोनों को स्वस्थ रखती है। समिति के अध्यक्ष प्रो. केए वार्ष्णेय, महासचिव बीके कोचर एडवोकेट, योगाचार्य दीपम शर्मा, भूपेन्द्र सक्सेना, प्रेम शंकर अग्रवाल, सूरज भान गुप्ता, राकेश वार्ष्णेय, आरके चोपड़ा, जगदीश अरोरा, डॉ. नवनीत कृष्ण वार्ष्णेय, डॉ. आरके टंडन, डॉ. ज्ञानेन्द्र गुप्ता, एनके पटेल, अतुल कपूर, चंद्र मोहन अरोरा, डॉ. राजेश अरोरा, डीके गुप्ता, बीएम सक्सेना आदि मौजूद रहे।

### एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग पर भाषण प्रतियोगिता



**बरेली, अमृत विचार :** वीरांगना रानी अवंतीबाई राजकीय महिला महाविद्यालय में सात दिवसीय योग शिविर के छठे दिन शुक्रवार को शारीरिक शिक्षा विभाग की ओर से भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रो. संध्या रानी शाक्य के अनुसार प्रतियोगिता ''एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग'' विषय पर आधारित रही। छात्राओं ने योग के महत्व और ''एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य'' के सिद्धांत पर अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में दीपाली ने प्रथम, ज्योति शर्मा ने द्वितीय और आराधना गंगवार ने तृतीय स्थान हासिल किया। डॉ. अनुभूति ने छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्हें दैनिक जीवन में योग को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने जोर दिया कि योग एक निरंतर प्रक्रिया है और जितना अधिक नियमित अभ्यास किया जाएगा, उतने ही बेहतर परिणाम प्राप्त होंगे। कार्यक्रम में वर्षा पटेल, शिवानी गुर्जर, आकांक्षा, शाजिया, सोनिया सहित कई छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस दौरान डॉ. प्रवीण कुमार और डॉ. विकास वर्मा पटेल ने निर्णायक मंडल के सदस्य के रूप में अपनी भूमिका निभाई।

### प्रधान डाकघर में किया योग अभ्यास



**बरेली, अमृत विचार :** सिविल लाइंस स्थित प्रधान डाकघर में 5 से 21 जून तक संचालित हरित योग के तहत गुरुवार को योग शिविर लगाया गया। जिसमें डाक घर जोन और जिला कार्यालय के कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विभाग की प्रशिक्षित कर्मचारी ने सभी को योग सिखाया। कार्यक्रम के दौरान प्रवर अधीक्षक डाकघर बरेली मंडल अखिलेश वर्मा, प्रवर डाकपाल प्रधान डाकघर जीए खान और अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

खून के आंसू



हकीम जहीर अहमद (क्लीनिक)
पंजी. सं. 19706
डॉ. एम. अहमद (BUMS)
जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसंतान रोगी (नशा छुड़वायें), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर इन्दी का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीवी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येक:-
शनिवार रविवार
बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली
मो. 9634499693
9837338306

बवासीर भगन्दर
ऑपरेशन से बचें दर्द रहित उपचार
डॉ. एस.के. गुप्ता
(गुप्त रोग चिकित्सक)
बवासीर भगन्दर रोग विशेषज्ञ
ऑपरेशन से बचें # दर्द रहित उपचार
सैक्स
रोगियों का यूनानी आयुर्वेदिक इलाज
बवासीर को अनदेखा करना घातक हो सकता है

● मस्से होना ● सूजन होना
● जलन होना ● उठाने-बैठने में तकलीफ होना
● खूनी बवासीर होना
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसन्तान रोगी (नशा छुड़वायें), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्द्री का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटानीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
नशा छुड़ाए? नशे से कुछ ही दिनों में छुटकारा पायें।
नोट:- हर जगह से निराश रोगी एक बार अवश्व मिलें।
सुबह 10:30 से 2:30 तक, शाम 6:30 से 8:30 तक
रविवार 10:30 से 2:30 तक
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
स्थापित 1960
माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड आफिस के सामने, चौपुला से कुतुबखाना रोड, बरेली।
मो. 9259082174

## सार-संक्षेप

### प्रभातनगर में निकाली कलश यात्रा



**बरेली, अमृत विचार :** प्रभातनगर स्थित श्री सोमनाथ मंदिर में शुक्रवार को भागवत कथा की शुरुआत से पहले कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा सोमनाथ मंदिर से राम जानकी मंदिर होते हुए वापस प्रभातनगर पहुंची। भागवत कथा का पाठ वृंदावन से पहुंचे आचार्य शंभू नाथ योगी ने किया। भागवत कथा 26 जून तक चलेगी। कलश यात्रा में तृप्ति शुक्ला, नीमा अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, नीरज गोस्वामी, नीरू अग्रवाल, मोना मेहंदी रत्ता, नीलम सक्सेना समेत 21 महिलाएं शामिल हुईं। इस अवसर पर संजीव अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, श्री सोमनाथ मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

### तेरी शरण में आके मैं धन्य हो गया



**बरेली, अमृत विचार :** प्रेमनगर स्थित ब्रिज धाम कॉलोनी में राधा माधव संकीर्तन मंडल के बुलावे पर पहुंचे इस्कॉन मंदिर के संगीतकारों व भजन गायकों ने मिलकर श्री हरि के भजन गाकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। इस दौरान हरि नाम महामंत्र का जाप किया गया। इस्कॉन मंदिर के आचार्य भीम, अर्जुन व दीन गौर की भजन मंडली के सुरों पर सभी श्रद्धालु झूमते रहे। हरे राम हरे राम, राम राम हरे हरे, हरे कृष्ण हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरे महामंत्र के जाप के बाद जगदीश भाटिया ने राम तेरी शरण में आके मैं धन्य हो गया भजन गाकर भक्तों को भावुक कर दिया। राकेश खंडेलवाल, गिरधर गोपाल खंडेलवाल, डॉ त्रिवेणी दत्त, अशोक गुप्ता, विनय खंडेलवाल, विवेक, राजेश खंडेलवाल आदि उपस्थित रहे।

### राम का नाम रहेगा, तब तक धरती पर हनुमान रहेंगे

**बरेली, अमृत विचार :** श्री हरि मंदिर में चल रही सात दिवसीय कथा का शुक्रवार को समापन हो गया। कथा के अंतिम दिन कथा वाचक आशीष मिश्र ने रामराज्य की स्थापना की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि जब तक श्रीराम का नाम इस पृथ्वी पर लिया जाएगा, तब तक इस धरती पर हनुमान रहेंगे। कहा कि तुलसीदास रचित रामचरितमानस और वाल्मीकि रामायण, दोनों में हनुमान को श्रीराम के परम भक्त और महान सेवक के रूप में चित्रित किया गया है। मंदिर समिति से सुशील अरोरा, रवि छाबड़ा, अश्विनी ओबेरॉय, संजय आनन्द, गोविन्द तनेजा, रंजन कुमार, राजेश अरोरा, अनिल चड्ढा, हरीश लुनियाल आदि उपस्थित रहे।

### माधुरी को सौंपा 50 लाख का चेक



**बरेली, अमृत विचार :** पंजाब नेशनल बैंक के मंडल प्रमुख रंजीत कुमार चौबे ने माधुरी देवी पत्नी स्वर्गीय राजवीर सिंह निवासी नकटपुर भमोरा को रक्षक प्लस बचत खाते में बीमा क्लेम के निपटान के लिए 50 लाख रुपये का चेक प्रदान किया। इस मौके पर पीएनबी बरेली के उप मंडल प्रमुख रोमेश अग्रवाल, मुख्य प्रबंधक धरिंदर तिवारी और डहरपुर शाखा प्रबंधक आकाश जायसवाल मौजूद रहे।

### संजीव शर्मा बने रामलीला कमेटी के अध्यक्ष



**बरेली, अमृत विचार :** बाबा वानखंडी नाथ मंदिर परिसर में श्री रामलीला परिषद कमेटी जोगी नवादा की बैठक हुई, जिसमें सर्वसम्मति से एक बार फिर संजीव शर्मा को अध्यक्ष चुना गया। वह 30 वर्षों से कमेटी से जुड़े हैं। संयोजक संतोष साहू समेत सभी पदाधिकारियों उनका स्वागत किया। मेला संयोजक गिरधारी लाल साहू उर्फ पप्पू, संरक्षक धर्मेंद्र राठौर उर्फ रिंकू, कार्यवाहक अध्यक्ष पंडित सुनील दत्त शर्मा, लक्ष्मी नारायण राठौर, संजू, सचिन राठौर, प्रमोद, अनिल, मनोज, विनोद गिरि, नरेश मौर्य, शोभाराम कनौजिया, कुलदीप, पुष्पेंद्र पटेल, विवेक पटेल, वैभव भारद्वाज, आनंद प्रजापति, देव आनंद वर्मा, योगेंद्र कुमार, देवेंद्र, प्यारेलाल राठौर, अनिल शर्मा, राम सिंह कनौजिया, शिवनंदन शर्मा, रज्जू गिरी आदि उपस्थित रहे।

### चैंपियनशिप में स्टार्टर की भूमिका में होंगे अजय

**बरेली, अमृत विचार :** प्रयागराज में 22 से 24 जून तक आयोजित होने वाली जूनियर नेशनल फेडरेशन एथलेटिक चैंपियनशिप में कोच अजय कश्यप को 33 सदस्यीय अधिकारियों की टीम में चयनित किया गया है। यूपी एथलेटिक संघ ने अजय का चयन स्टार्टर के रूप में किया है। अजय ने बताया कि इससे पहले भी वह ऑल इंडिया रेलवे समेत अन्य प्रतियोगिताओं में स्टार्टर की भूमिका निभा चुके हैं।

### 27 शिक्षकों का हुआ अंतर जनपदीय तबादला

**बरेली, अमृत विचार :** ग्रामीण क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों के कुल 27 शिक्षकों का ट्रांसफर शाहजहांपुर, संभल, पीलीभीत और बदायूं में किया गया है। सर्वाधिक 17 शिक्षकों को तबादला संभल में हुआ है। बदायूं में दो, पीलीभीत में दो, मिर्जापुर में तीन, शाहजहांपुर में दो और लखीमपुर में एक शिक्षक का अंतर जनपदीय तबादला किया गया है। पिछले माह 76 शिक्षकों का तबादला हुआ था।

# बीएससी गणित की पहली मेरिट जारी, सभी को प्रवेश

## बरेली कॉलेज में विद्यार्थियों को 5 जुलाई तक ऑनलाइन प्रवेश लेना होगा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** बरेली कॉलेज ने सत्र 2025-26 में बीएससी गणित प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिए पहली मेरिट सूची जारी कर दी। इसमें सभी वर्गों ओपन, ओबीसी, एससी, एसटी एवं ईडब्ल्यूएस के छात्रों को शामिल किया गया है। मेरिट में शामिल विद्यार्थियों को 5 जुलाई तक प्रवेश लेना होगा। इसके बाद दूसरी सूची जारी की जाएगी।

कॉलेज प्रशासन ने जानकारी दी कि प्रवेश प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन है। छात्रों को बरेली कॉलेज की आधिकारिक वेबसाइट पर लॉगिन कर 'एलिजिबल फॉर एडमिशन' पर संबंधित विषय का चयन करते हुए समय पर शुल्क जमा करना होगा। मेरिट सूची रुहेलखंड विश्वविद्यालय की निर्धारित प्रवेश नियमावली के अनुरूप तैयार की गई है। यदि किसी भी छात्र को प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित कोई समस्या आती है तो वह सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक कॉलेज परिसर के सेमिनार कक्ष में संपर्क कर सकता है। यदि किसी छात्र का किसी कारण यूपीआई भुगतान असफल होता है, तो वह अन्य माध्यम जैसे नेट बैंकिंग या डेबिट कार्ड के माध्यम से भुगतान कर सकता है। भुगतान के बाद 6 घंटे के भीतर लॉगिन कर 'फी कन्फर्मेशन' पर क्लिक करना आवश्यक है। मुख्य प्रवेश नियंता प्रो. वंदना शर्मा ने कहा कि निर्धारित तिथि के बाद किसी भी प्रकार का प्रवेश दावा मान्य नहीं होगा। इसलिए चयनित अभ्यर्थियों को समय पर प्रवेश प्रक्रिया पूरी करनी होगी।

### आंतरिक और प्रयोगात्मक परीक्षाएं आज से

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय परिसर में संचालित पाठ्यक्रमों एमबीए, एमएड, एमएसडब्लू, बीएमएस और एडवांस पीजीडीसीए समेत अन्य की सम सेमेस्टर 2024-25 की प्रयोगात्मक और आंतरिक परीक्षाएं 21 जून से 10 जुलाई तक होंगी। विभागों को परीक्षाएं कराकर 10 जुलाई तक अंक अपलोड करने होंगे। इसके बाद अंकों को स्वीकार नहीं किया जाएगा और वेबसाइट बंद कर दी जाएगी। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार सिंह ने बताया कि प्रत्येक संकाय को अंकपत्र की दो प्रतियां तैयार करनी होंगी, जिनकी हार्ड कॉपी संकाय में ही सुरक्षित रखी जाएगी। अंक केवल ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से ही स्वीकार्य होंगे। परीक्षा समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार प्रायोगिक परीक्षा में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले परीक्षार्थियों की उत्तरपुस्तिकाओं के सील्ड पैकेट विश्वविद्यालय की ओर से अलग से मांगे जा सकते हैं।

## योग दिवस के चलते स्थगित रहेंगी परीक्षाएं

- स्थगित परीक्षाओं के लिए नया परीक्षा कार्यक्रम जल्द घोषित होगा

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय की ओर से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय परिसर और संबद्ध महाविद्यालयों में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की वजह से शनिवार को होने वाली सभी परीक्षाएं स्थगित कर दी गई हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन ने बताया कि योग दिवस के महत्व को देखते हुए और विद्यार्थियों और शिक्षकों की इसमें भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए यह निर्णय लिया गया है। स्थगित परीक्षाओं के लिए नया परीक्षा कार्यक्रम जल्द ही घोषित किया जाएगा। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार ने छात्र-छात्राओं को सलाह दी है कि वह नवीनतम अपडेट के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट और अपने संबंधित महाविद्यालयों के नोटिस बोर्ड का नियमित रूप से अवलोकन करते रहें।

## बरेली कॉलेज में आठ साल बाद खुलेगा महिला छात्रावास

- शुक्रवार को कॉलेज परिसर में पीडब्ल्यूडी ने किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, बरेली



**अमृत विचार:** बरेली कॉलेज परिसर में बीते आठ साल से बंद पड़ा महिला छात्रावास एक बार फिर से छात्राओं के लिए खोला जाएगा। छात्रावास को दोबारा शुरू करने की कवायद अब अंतिम चरण में है। शुक्रवार को पीडब्ल्यूडी की टीम ने कॉलेज पहुंचकर छात्रावास भवन की स्थिति का निरीक्षण किया और मरम्मत कार्यों का प्रारंभिक आकलन किया।

प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने बताया कि छात्रावास भवन कई साल से उपयोग में नहीं था। छात्राओं की बढ़ती संख्या और बाहर से आने वाली विद्यार्थियों की सुविधा को देखते हुए इसे दोबारा शुरू करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में छात्रावास भवन में पीएसी की एक बटालियन अस्थायी रूप से रुकी हुई है, लेकिन जल्द ही इसे खाली करवा लिया जाएगा। सभी औपचारिकताएं और मरम्मत कार्य समय से पूरे कर लिए जाएंगे और इसी शैक्षणिक सत्र से इसे शुरू कर दिया जाएगा। छात्रावास की क्षमता लगभग 100 छात्राओं के रहने की है, जिसमें छात्राओं के लिए अलग से भोजन, सुरक्षा और अध्ययन की समुचित व्यवस्था की जाएगी। छात्राओं और अभिभावकों ने इस पहल का स्वागत किया है। खासकर दूरदराज से आने वाली छात्राओं को इससे बड़ी राहत मिलेगी, जिन्हें अब तक किराए पर पीजी या हॉस्टल में रहना पड़ता था। कॉलेज प्रशासन का मानना है कि छात्रावास खुलने से न केवल छात्राओं की उपस्थिति बढ़ेगी, बल्कि उन्हें सुरक्षित और सुविधाजनक माहौल भी मिलेगा।

## खल्लपुर के अधूरे पुल को पूरा करने के लिए बजट का इंतजार

- सेतु निगम ने 14 और पीडब्ल्यूडी ने 103 करोड़ का दिया है एस्टीमेट
- चीफ इंजीनियर ने शासन से मांगा बजट, जुलाई में मिलने की उम्मीद

**बरेली, अमृत विचार :** फरीदपुर के खल्लपुर में रामगंगा नदी के अधूरे पुल को पूरा करने के लिए चीफ इंजीनियर ने शासन से बजट मांगा है। विभागीय अफसरों के अनुसार जुलाई में बजट मिलने की संभावना है, लेकिन, मानसून खत्म होने के बाद ही काम शुरू हो पाएगा।

फरीदपुर तहसील और बदायूं के दातागंज को जोड़ने वाले रामगंगा नदी के अधूरे पुल से बीते वर्ष 24 नवंबर को कार गिरने से तीन लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद अधूरे पुल को पूरा कराने के लिए आईआईटी रुड़की के विशेषज्ञ दल से अध्ययन कराया गया। मार्च में इसकी रिपोर्ट आने के बाद चीफ इंजीनियर ने सेतु निगम को पुल विस्तार और पीडब्ल्यूडी को एप्रोच रोड के लिए एस्टीमेट देने को कहा था। सेतु निगम ने पिछले माह 150 मीटर पुल को विस्तार देने के लिए 14 करोड़ रुपये, वहीं अप्रोच रोड समेत अन्य सुरक्षात्मक कार्यों के लिए बदायूं के पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड ने 103 करोड़ रुपये का एस्टीमेट तैयार किया था। चीफ इंजीनियर अजय कुमार ने बताया कि अधूरा पुल पूरा करने के लिए शासन को 117 करोड़ रुपये का एस्टीमेट भेज दिया है। अधूरे पुल की वजह से करीब 50 गांवों की एक लाख आबादी को परेशानी से जूझना पड़ रहा है। वर्ष 2023 से आवागमन बंद है। अगर किसी को फरीदपुर से दातागंज जाना है तो उसे शाहजहांपुर जिले के नवादा मोड़ और उसके बाद बेलाडांडी पुल से होते हुए करीब 15 किलोमीटर अधिक सफर करना पड़ता है। वहीं, फरीदपुर से रामगंगा पुल होकर दातागंज की दूरी 35 किमी है, लेकिन, पुल बंद होने से 50 किमी सफर करना पड़ रहा है।

## तेरे बिना घनश्याम दिल नहीं लगता



श्री सनातन धर्म मंदिर में राधा नाम का गुणगान करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

- श्री सनातन धर्म मंदिर के 26 वें प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की शुरुआत
- वृंदावन महिमा 56 भोग सेवा मंडल ने भजनों दी प्रस्तुति

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** श्री सनातन धर्म मंदिर के 26 वें प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की शुरुआत शुक्रवार शाम हुई। कार्यक्रम के प्रथम दिन का आरंभ वृंदावन महिमा 56 भोग सेवा मंडल ने भजनों से किया।

जिसमें चौक पुराओ माटी रंगाओ, आज मोरे श्याम घर आए हैं, तेरे बिना घनश्याम दिल नहीं लगता, अब तो राधा संग चले आओ, कृपा कर दो लाडली श्री राधे, कान्हा मेरा गुलाब का फूल राधे कुसुम कली आदि भजनों के माध्यम सभी को भाव विभोर कर दिया। मंदिर के मुख्य पुजारी नरेश चंद्र मिश्रा ने बताया बिहारी जी को 56 भोग अर्पित करने की प्रथा बहुत पुरानी है। जब भगवान कृष्ण ने इंद्र का अभियान तोड़ा था, तभी से चली आ रही है। वृंदावन महिमा 56 भोग सेवा मंडल में 27 महिलाएं शामिल हैं।

नीलू कुमार, ममता बांगा, रेनू छाबड़ा, अनीता गुप्ता, सीमा तनेजा, सीमा बब्बर, कंचन अरोड़ा, नेहा आनंद, ज्योति खुराना, चांद खुराना आदि ने वृंदावन सतलीला का पाठ किया। महामंत्री संजीव चांदना ने बताया कि कार्यक्रम में महिला एवं पुरुष भजन मंडली ने भजनों की प्रस्तुति दी।

## ट्रांसफार्मर का तेल और सामान चोरी

**बरेली, अमृत विचार :** गांव भगवानपुर धीमरी में चोरों ने एक किसान के खेत में ट्यूबवेल के लिए लगे ट्रांसफार्मर को नीचे उतारकर उसका तेल और कीमती सामान चोरी कर लिया। किसान की तहरीर पर थाना इज्जतनगर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गांव मोहनपुर उर्फ रामनगर निवासी श्याम बिहारी लाल ने बताया कि उनका खेत भगवानपुर धीमरी में है। खेत में ट्यूबवेल के लिए ट्रांसफार्मर लगा है। 17 जून की रात में चोरों ने ट्रांसफार्मर को नीचे उतारा और उसमें से तेल समेत अंदर से और जरूरी सामान चोरी कर लिया। ट्रांसफार्मर का बाहरी ढांचा और कुछ सामान वहीं छोड़ दिया। उन्हें 18 जून की सुबह करीब 9 बजे गांववालों से चोरी की सूचना मिली। सूचना मिलते ही उन्होंने यूपी 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को जानकारी दी।

## राहगीरों से वसूली करने वाली नौ युवतियां गिरफ्तार

संवाददाता, आंवला



पुलिस हिरासत में राहगीरों से वसूली करने वाली युवतियां। ● अमृत विचार

- रुपये न देने पर भिड़ जाती थीं शांति भंग में कार्रवाई
- पुलिस के अनुसार गुजरात की रहने वाली हैं युवतियां

**अमृत विचार :** कुछ युवतियां राहगीरों को रोककर रुपये वसूल रही थीं। कई राहगीरों ने रुपये देने से मना किया तो युवतियां अभद्रता करने लगीं। हंगामा और मार्ग पर जाम लगने पर पुलिस ने नौ युवतियों को गिरफ्तार कर लिया। मामले में शांति भंग की कार्रवाई की गई है। पूछताछ में पता चला कि ये युवतियां गुजरात की रहने वाली हैं। चंदे के नाम पर लोगों से जबरन रुपये वसूलती हैं।

पुलिस के अनुसार शुक्रवार को आंवला-बदायूं रोड के पनवड़िया गांव स्थित एक कॉलेज के समीप कुछ युवतियों का समूह राहगीरों को रोककर रुपये वसूल रहा था। युवतियां राहगीरों से अलग -अलग बहाना बना रही थीं। किसी से राजस्थान में सूखा पड़ने तो किसी से अनाथालय के नाम पर रुपये मांग रही थीं। आरोप है कि जो राहगीर रुपये नहीं देता था, उससे ये युवतियां अभद्रता कर रही थीं। कुछ राहगीरों से युवतियों की नोकझोंक होने और भीड़ एकत्र होने से मार्ग पर जाम की स्थिति बन गई।

किसी राहगीर ने यूपी 112 को सूचना दी। पुलिस ने मौके से नौ युवतियों को गिरफ्तार कर लिया। जबकि अन्य फरार हो गईं। पूछताछ में युवतियों ने अपने नाम उर्मी , नीतू बारोड, कुसुम, अंजली बारोड, मनीषा, पूनम बारोड, टीना निवासी बटबा दुर्गानगर अहमदाबाद गुजरात बताया है। पुलिस ने सभी युवतियों के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई कर न्यायालय भेजा है। इंस्पेक्टर कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि गुजरात की करीब 25 युवतियों का समूह राहगीरों को रोककर जबरन रुपये की वसूली कर रहा था। सूचना पर नौ युवतियों को गिरफ्तार कर खिलाफ शांति भंग कार्रवाई की गई है।

## एससी-एसटी एक्ट की आरोपी महिला की अग्रिम जमानत अर्जी निरस्त

**विधि संवाददाता, बरेली:** पोषणीय न होने के कारण एससी-एसटी एक्ट के मामले में आरोपी का अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र स्पेशल जज एससी-एसटी एक्ट कुमारी अफशां की अदालत ने खारिज कर दिया।

वादिनी के वकील संतोष कुमार मौर्य और विवेक कुमार सागर ने बताया कि मुल्जिम रेनू रस्तोगी आदि के विरुद्ध थाना इज्जतनगर में वर्ष 2023 में दहेज उत्पीड़न, मारपीट, अपमानित करने, एससी-एसटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज हुई थी। विवेचक ने विवेचना के बाद आरोप पत्र कोर्ट भेजा था। 14 जून 2024 को अदालत ने चार्जशीट पर प्रसंज्ञान लिया था।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**आवश्यकता है**
कक्षा N.C. से VIIIth हेतु अनुभवी फीमेल टीचर्स की
(सैलरी योग्यतानुसार)
Interview
23 और 24 जून 2025
समय सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
एल.बी.एस. कॉन्वेंट स्कूल
निकट होली चौराहा, संजय नगर, बरेली।
7060189500, 8533037097

**सूचना**
मैंने अपनी पुत्री संजना अरोरा को उसके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा।
**श्याम सुन्दर पुत्र गुलजारी लाल निवासी 182/बी, लेन नंबर 7, पवन विहार, निकट बीसलपुर चौराहा, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पति Army No.15440162N Rank SEP Name Govind Singh के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम Ladali Devi अंकित हो गया है जोकि गलत है जबकि मेरा वास्तविक नाम Ladli Devi है। लाडली देवी पत्नी श्री Army No. 15440162N Rank SEP Name Govind Singh वर्तमान निवासी एम एच बरेली।

**हरि चन्द्रा महाविद्यालय**
हंडेला, गोला रोड, अलीगंज लखीमपुर खीरी
सम्बद्ध- लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ
**आवश्यकता है**
महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर कला संकाय विषयों में एक-एक पद के लिए चित्रकला, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र एवं विज्ञान वर्ग के लिए, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, भौतिक विज्ञान के इन सभी विषयों में सहायक आचार्यों की आवश्यकता है। इच्छुक अभ्यार्थी अपना आवेदन पत्र अपने मूल प्रमाण पत्रों की छायाप्रति के साथ डाक द्वारा या स्वयं महाविद्यालय में 10 दिनों के अन्दर जमा कर सकते हैं। शैक्षिक योग्यता यू.जी.सी. के अनुसार या लखनऊ विश्वविद्यालय के अनुसार वांछनीय है।
प्रबन्धक
पता- हरि चन्द्रा महाविद्यालय हंडेला, गोला रोड, अलीगंज लखीमपुर खीरी
मो.- 9452016953, 9450175793

**मनोहर लाल गीता देवी महाविद्यालय**
कोरैया पुरवा-खहीं, लखीमपुर खीरी
(सम्बद्धता- लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ)
**आवश्यकता है**
स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय में सहायक आचार्य हेतु- 1. जन्तु विज्ञान- पांच पद 2. वनस्पति विज्ञान- पांच पद 3. रसायन विज्ञान- पांच पद 4. भौतिक विज्ञान- पांच पद 5. गणित- पांच पद
स्नातक स्तर पर कला संकाय में सहायक आचार्य हेतु- 1. हिन्दी- दो पद 2. भूगोल- दो पद
**योग्यता एवं वेतनमान**- यू.जी.सी. एवं विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
नोट:- इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन महाविद्यालय में पंजीकृत डाक अथवा सीधे महाविद्यालय में विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 10 दिनों के अन्दर भेज सकते हैं।
प्रबन्धक
डॉ. घनश्याम लाल
मो. 7499792149

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## कंपार्टमेंट और इंप्रूवमेंट परीक्षा केंद्रों का मांगा प्रस्ताव

- परीक्षा के लिए एक हजार से अधिक आवेदन

**बरेली, अमृत विचार:** माध्यमिक शिक्षा परिषद ने हाईस्कूल और इंटर के छात्र-छात्राओं की कंपार्टमेंट और इंप्रूवमेंट परीक्षा के केंद्रों का प्रस्ताव डीआईओएस से मांगा है।

डीआईओएस ने बताया कि कंपार्टमेंट परीक्षा के माध्यम से छात्रों को एक या दो विषय में फेल होने पर दोबारा परीक्षा उत्तीर्ण होने का मौका प्रदान किया जाता है। वहीं इंप्रूवमेंट परीक्षा देकर विद्यार्थी अपने विषयों के अंक में सुधार कर सकते हैं। इस वर्ष परीक्षा के लिए एक हजार से अधिक अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। अब परीक्षा केंद्र निर्धारण करने की तैयारी चल रही है। राजकीय इंटर कॉलेज को केंद्र के लिए प्राथमिकता प्रदान की जाती है। इस बार भी राजकीय इंटर कॉलेज में परीक्षा होने की संभावना है।

## मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना का हो प्रचार समय से जारी किए जाएं जीएसटी नंबर

कार्यालय संवाददाता, बरेली



डीएम अविनाश सिंह को पुष्प गुच्छ भेंट करते व्यापारी नेता। ● अमृत विचार

- भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश अध्यक्ष डीएम और जीएसटी विभाग के एडिशनल कमिश्नर से मिले

**अमृत विचार:** भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेश मिश्र की अगुवाई में शुक्रवार को प्रतिनिधि मंडल ने कैंप कार्यालय में डीएम अविनाश सिंह और जीएसटी विभाग के एडिशनल कमिश्नर ग्रेड 2 आशीष निरंजन से मुलाकात की।

इस दौरान प्रदेश मंत्री एवं जिलाध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने कहा कि एमएसएमई में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के तहत युवाओं को पांच लाख तक का लोन बिना ब्याज के दिया जा रहा है, मगर योजना का प्रचार प्रसार संबंधित विभाग की ओर से बहुत निम्न स्तर पर हो रहा है। जबकि योजना का प्रचार व्यापक स्तर पर होना चाहिए। इस संबंध में सभी बैंकों के बाहर होर्डिंग-बैनर लगाए जाएं, ताकि युवाओं को इसका लाभ मिल सके।

डीएम ने जल्द सभी ग्रामीण और शहरी बैंक के बाहर प्रचार प्रसार करने का आदेश जारी करने आश्वासन दिया। वहीं, एडिशनल कमिश्नर ग्रेट 2 के कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेश मिश्रा ने धारा 129 के विषय पर बात और व्यापारियों की परेशानी के बारे में बताया। मांग करते हुए कहा कि जिन व्यापारियों ने जीएसटी नंबर के लिए आवेदन किया है, उनके जीएसटी नंबर समय से जारी किए जाएं। आरोप लगाया कि ज्यादातर अधिकारियों की ओर से जीएसटी नंबर में जानबूझकर त्रुटि दिखाकर नंबर कैंसिल कर दिया जाता है। व्यापारी से सुविधा शुल्क मांगा जाता है। इस दौरान राघव खंडेलवाल, एकांश गुप्ता, केके गुप्ता, पारस अग्रवाल, जसपाल सिंह, कुमार गौरव शर्मा आदि व्यापारी मौजूद रहे।

## गोकशी करने वाले आरोपियों का गिरोह हुआ पंजीकृत

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी पुलिस ने गोकशी के आरोपियों के गिरोह को पंजीकृत किया है। वसीम को गैंग का लीडर बताया है। गिरोह में 11 सदस्य शामिल हैं।

दरअसल, करीब दो माह पहले पुलिस ने शहामतगंज के एक घर में गोकशी का भांडाफोड़ किया था। गोकशी में घर की महिलाएं भी शामिल थीं। उस वक्त पुलिस ने फय्याज के गैंग को पंजीकृत किया था। जिसमें वसीम और फहीम गैंग का सदस्य था। जब पुलिस ने फय्याज को जेल भेज दिया तो गैंग के सदस्य वसीम ने अपना एक नया गैंग तैयार कर लिया। जिसमें फय्याज, पिन्ना उर्फ रिजवान, फुरकान उर्फ फुरकत, नासिर खां, कासिम उर्फ शानू, हुमा समीर, सना, फूलबानो, फईम, इमरान और राशिद को सदस्य बनाया। पुलिस ने इस नए गिरोह के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए वसीम के गैंग का भी पंजीकरण कर लिया है।

## हिदायत : किसी भी हालत में नहीं होने दें कर चोरी

- जीएसटी आयुक्त ने अपर आयुक्त राज्यकर के कार्यालय में की समीक्षा बैठक

**बरेली, अमृत विचार :** जीएसटी आयुक्त नितिन बंसल ने कहा कि किसी भी सूरत में कर चोरी नहीं होनी चाहिए। इसकी जिम्मेदारी जीएसटी अफसरों की है। पूरी गुणवत्ता के साथ जांच करें और अगर कोई गड़बड़ी करता है तो मामले में कार्रवाई की जाए।

उन्होंने यह निर्देश शुक्रवार को अपर आयुक्त राज्य कर ग्रेड-1 ओपी तिवारी के कार्यालय में विभागीय अफसरों के साथ समीक्षा बैठक में दिए। जीएसटी आयुक्त ने सबसे पहले राजस्व संग्रह वृद्धि, बैट बकाया वसूली, ऑडिट, एसआईबी की जांच और कार्रवाई की समीक्षा की। इसके बाद कहा कि, बकाया टैक्स को वसूलने में तेजी लाई जाए। व्यापारियों का पंजीयन बढ़ाएं, ताकि उन्हें योजनाओं का लाभ मिल सके। व्यापारी कर चोरी न करें, इस पर भी अधिकारी कड़ी निगरानी रखें। हालांकि, उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि कार्रवाई के समय इस बात का जरूर ख्याल रखें कि व्यापारियों को यह न लगे कि उनके साथ गलत हो रहा है, लेकिन गलत करने वालों पर सख्ती दिखाते हुए कार्रवाई की जाए। अपर आयुक्त एआईबी ग्रेड-2 आशीष निरंजन, संयुक्त आयुक्त केके गुप्ता, डिप्टी कमिश्नर एसआईबी अनिरुद्ध सिंह, विजय कुमार गौड़, अवधेश सिंह, नीलम रानी समेत सभी उपायुक्त मौजूद रहे। जबकि पीलीभीत, शाहजहांपुर, बदायूं के जीएसटी अधिकारी आयुक्त के साथ वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े।

## एक नजर

### शराब भट्टी का शटर काट शराब की पेटियां चोरी

**भमोरा, अमृत विचार :** चोरों ने शराब भट्टी के शटर को काटकर शराब और शराब बनाने के उपकरण चोरी कर ले गए। थाना अलीगंज के अमरोली निवासी हाकिम सिंह ने बताया सरदार नगर में उसकी देसी शराब की दुकान है। गुरुवार रात सेल्समैन दुकान बंद करके गया था। सुबह आया तो देखा दुकान के ताले टूटे हुए हैं और शटर खुला हुआ है। दुकान में रखी 40 पेटी शराब के साथ इनवर्टर बैट्री कैमरे डीबीआर और एलसीडी गायब था थाना पुलिस ने हाकिम सिंह की तहरीर पर मुकदमा दर्ज का जांच की बात की।

### ग्रामीण को घेरकर पीटा चार लोगों पर रिपोर्ट

**शीशगढ़, अमृत विचार :** गांव के खंभे पर ताल लगाने जा रहे युवक के साथ चार लोगों ने घेरकर मारपीट की, पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। गांव बंजरिया निवासी नमन कुमार ने बताया उसके मकान के पास बिजली का खंभा लगा है, जिस पर वह शाम को तार डालने जा रहा था। पड़ोस में ही रहने वाले कुछ लोगों ने उसे रोककर लाठी डंडों से मारपीट की। उसे बचाने उसकी मां आई तो उसके साथ भी मारपीट की। शोर शराबा होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। नमन कुमार की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी ,अकरम, नसतर, अख्तर, असलम,के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### दोपहर के झगड़े के बाद रात में मारपीट

**भमोरा, अमृत विचार :** किसी बात को लेकर गुरुवार सुबह पड़ोसियों में झगड़ा हो गया था जो उस समय शांत हो गया। इसी रंजिश में एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के घर में घुसकर पूरे परिवार के साथ मारपीट की। पीड़ित ने नौ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। ग्राम बमियाना निवासी रामकुमार ने बताया कि गुरुवार सुबह पड़ोसी पवन से झगड़ा हो गया था, जिसे लेकर देर शाम पवन, राजू, राहुल,जोधाराम,आनंद और चार अज्ञात लाठी डंडे और धारदार हथियार के साथ घर में घुस आए और मारपीट करने लगे। बचाने आए बेटे अमन, आकाश पुत्री अल्पना और पत्नी मीना के साथ भी मारपीट की। पुलिस ने पांच नामजद और चार अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

### 11 दिन से बिजली संकट से जूझ रहे हैं ग्रामीण

**भुता, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव नगीरामपुर में 11 दिनों से बिजली नहीं मिलने के कारण लगभग ढाई सौ परिवार बिजली संकट से जूझ रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया हमारे गांव में लगभग 4 महीने से विद्युत समस्या बनी हुई है। एक-एक विद्युत पोल पर लगभग 15-15 कनेक्शन है। जिसके कारण वोल्टेज भी काफी कम आते हैं। ग्रामीणों को 200 मीटर की दूरी तक केबल डालकर गुजारा करना पड़ रहा है। गांव में लगा 63 केवी का ट्रांसफॉर्मर लगभग 11 दिनों से खराब पड़ा है। जिससे विद्युत व्यवस्था ठप पड़ी है। ग्राम प्रधान अहमद रजा अंसारी ने बताया शुक्रवार को हम सभी ने एक्सईएन बरेली को एक शिकायती पत्र देकर गांव में सुचारू रूप से बिजली देने की मांग की है।

### आटो की टक्कर से साइकिल सवार घायल

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** नेशनल हाईवे के राधा कृष्ण मंदिर चौराहे पर शुक्रवार सुबह टेंपो की टक्कर से साइकिल सवार घायल हो गया ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस से उसे अस्पताल भेज दिया। शुक्रवार सुबह कस्बे के मोहल्ला अंसारी निवासी सलीम साइकिल से कस्बा की ओर आ रहा था। राधा कृष्ण मंदिर चौराहे पर पहुंचने पर कस्बे की ओर मुड़ने पर सामने से आ रहे टेंपो ने टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया।

### बहन के घर जा रहे युवक को दबंगों ने पीटा

**कैंट, अमृत विचार :** बहन के घर जा रहे युवक को दबंगों ने घेर कर मारपीट की, जिससे उसका हाथ फ्रैक्चर हो गया। कैंट पुलिस ने एसएसपी अनुराग आर्य के आदेश पर पांच आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। गांव सैदपुर खजुरिया निवासी हनीफ उद्दीन ने बताया वह 23 मई को सुबह करीब 10:30 बजे गांव में ही बहन के घर बहनोई अख्तर रजा खां को देखने जा रहा था। रास्ते में गांव के ही रियाज खान, साजिया, रुखसाना, सहाना, आयशा आदि ने घेर लिया और एक राय होकर लाठी डंडों से पीटना शुरू कर दिया। मारपीट में उसके हाथ में फ्रैक्चर हो गया। बमुश्किल किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई। इससे पहले आरोपी हनीफुद्दीन के बहनोई अख्तर रजा को भी पीट कर कोमा में भेज चुके हैं।

### मोबाइल लूटने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**राजपुर कलां, अमृत विचार :** युवक की मोबाइल लुटने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी राजित राम ने बताया रविवार शाम को खैलम गांव के अरुण कुमार अलीगंज सिरौली रोड पर मोबाइल से बात कर रहे थे। इसी दौरान राजपुर कलां की ओर से आए बाइक सवार दो बदमाश उसका मोबाइल लूटकर भाग गए। शुक्रवार को पुलिस ने अमरोली मोड़ पर यात्री शेड के पास खड़े दो युवकों को दबोच लिया और तलाशी में गैनी गांव के जरीफ से 315 बोर का तमंचा और कारतूस और लूटा गया मोबाइल तथा उसके साथी अनिल कश्यप निवासी गैनी के पास से बरामद हुई।

# 16 साल से फरार 50 हजार का इनामी राजस्थान से गिरफ्तार

## भोजीपुरा थाना क्षेत्र में वर्ष 2009 में साथियों के साथ डाली थी डकैती

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सतीश नाम-पता छिपाकर राजस्थान के अलवर में रह रहा था


आरोपी सतीश।

**अमृत विचार :** भोजीपुरा थाना क्षेत्र में वर्ष 2009 में डकैती डालने वाले घुमंतू गिरोह के फरार 50 हजार रुपये के इनामी डकैत को एसटीएफ ने हरसौली फाटक खेरथल अलवर, राजस्थान से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान थाना मोहम्मदाबाद, जिला फर्रुखाबाद निवासी सतीश उर्फ मनीष के रूप में हुई है। एसटीएफ ने उसे भोजीपुरा पुलिस के हवाले कर दिया है।

वर्ष 2009 में घुमंतू गिरोह बरेली जिले में डेरा डाल कर रह रहा था। गिरोह ने भोजीपुरा क्षेत्र के पॉवर ग्रिड में मिट्टी डालने वाले चार ट्रैक्टर-ट्रॉली को डकैती डालकर लूट लिया था। उसी रात देवरनियां क्षेत्र के गांव उदयपुर से दो ट्रैक्टर लुटे थे। इस मामले में पुलिस ने कई आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था लेकिन सतीश फरार था। उसकी गिरफ्तारी के लिए बरेली पुलिस ने 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। पुलिस और एसटीएफ उसकी तलाश कर रही थी। इस बीच एसटीएफ को जानकारी हुई कि 16 साल से फरार आरोपी सतीश अपना नाम-पता छिपाकर राजस्थान के खेरथल, अलवर में रह रहा है। एसटीएफ ने सतीश को हरसौली फाटक खेरथल, अलवर से गिरफ्तार कर लिया और उसे भोजीपुरा पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

> 2009 में डकैती में शामिल 50 हजार के इनामी डकैत को 16 साल बाद राजस्थान से पकड़ा है। एसटीएफ ने आरोपी को भोजीपुरा पुलिस को सौंप दिया।
>
> **-अब्दुल कादिर**, अपर पुलिस अधीक्षक, एसटीएफ

### लूट-डकैती के दौरान कर देते थे हत्या

सतीश उर्फ मनीष ने बताया कि वह मूल रूप से बनपोई, थाना मोहम्मदाबाद, जनपद फर्रुखाबाद का रहने वाला है। वह इस समय राजस्थान में रह रहा था। उसने बताया वह घुमंतू जाति से ताल्लुक रखता है। उसकी जाति के लोग अलग-अलग शहरों में डेरा डालकर रहते हैं और लूट और डकैती करते हैं, इस दौरान उन्हें किसी से खतरा लगता है तो वह उन्हें मारने में भी एक पल की देरी नहीं करते। साल 2009 में सभी लोग बरेली में डेरा डालकर रह रहे थे। उन दिनों भोजीपुरा क्षेत्र में दोहना पावर ग्रिड में मिट्टी डालने का कार्य चल रहा था। इस बीच 10 साथियों के साथ मिलकर चार ट्रैक्टर-ट्राली लूट लिए थे। उसी रात दो ट्रैक्टर-ट्राली गांव उदयपुर थाना देवरनिया से लूट लिए थे। घटना के कुछ समय बाद पुलिस ने उसके साथी दीपक बहेलिया, अजीत बहेलिया, सुरेश, परसेला, श्याम सिंह और चन्द्रपाल को छह ट्रैक्टर-ट्रॉली के साथ पकड़ा था।

# स्टेशन पर डकैती डालने वाला तौफीक 12 साल बाद पकड़ा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- 2012 में दफ्तरा स्टेशन मास्टर को बंधक बनाकर डाली थी डकैती
- जीआरपी बरेली ने शाहाबाद से किया गिरफ्तार

**अमृत विचार:** बदायूं के बिसौली थाना क्षेत्र में दफ्तरा रेलवे स्टेशन पर डकैती में फरार मुख्य आरोपी बदायूं के इस्लामनगर के तौफीक को जीआरपी बरेली जंक्शन ने 12 साल बाद शाहाबाद से गिरफ्तार कर लिया। शाहाबाद, इस्लामनगर, बिसौली, चंदौसी पुलिस भी उसकी गिरफ्तारी के प्रयास में थीं लेकिन जीआरपी ने सफलता हासिल की।

जानकारी के अनुसार 13-14 अक्टूबर 2012 की रात तीन बजे तौफीक, निसार, दीमक उर्फ नजारिक, शादाब, इजहार और आशिक नाम के डकैतों ने दफ्तरा रेलवे स्टेशन पर धावा बोल दिया था। डकैतों ने स्टेशन मास्टर का दरवाजा खुलवाकर पहले मारपीट की और फिर तमंचे के जोर पर 57 हजार रुपये का सरकारी कैश लूट लिया था। बिशारतगंज स्टेशन मास्टर की ओर से अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। पुलिस ने सभी आरोपी पकड़ लिए लेकिन तौफीक लगातार फरार रहा। तौफीक के खिलाफ बदायूं, शाहबाद, चंदौसी, इस्लामनगर और बरेली जीआरपी सहित कई थानों में लूट, डकैती और अन्य धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तारी वारंट जारी होने के बाद भी हाजिर न होने पर कोर्ट ने डीजीपी को पत्र भेजा, जिसके बाद बिसौली, बरेली, शाहबाद, चंदौसी और इस्लामनगर थानों की पुलिस सक्रिय हो गईं और जीआरपी बरेली ने उसे गिरफ्तार कर लिया। जीआरपी इंस्पेक्टर परवेज अली खान ने बताया कि जीआरपी ने दो दिन तक घेराबंदी कर तौफीक को शाहाबाद से पकड़ा।

### लोगों को डराने के लिए तमंचा रखने वाला गिरफ्तार

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी पुलिस ने लोगों को डराने के लिए तमंचा रखने वाले आरोपी ग्राम बंजरिया थाना आंवला निवासी सिकंदर उर्फ छोटा को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। इंस्पेक्टर धनंजय पांडे ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ अलग-अलग थानों में 13 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

# कच्चे मकान की खपरैल गिरी परिवार मलबे में दबकर घायल

संवाददाता,भोजीपुरा

- ग्रामीणों ने मिलकर घायलों को निकालकर इलाज के लिए भेजा

**अमृत विचार:** बारिश की वजह से एक कच्चे मकान की खपरैल भरभरा कर गिर गई। इस दौरान पूरा परिवार उसी में दब गया। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने घर के सदस्यों को मलबे से निकालकर इलाज के लिए भेजा।

गांव घंघघोरा पिपरिया निवासी वीरपाल यादव ने बताया शुक्रवार को वह मजदूरी करने नहीं गए थे, परिवार सहित दोपहर में घर में आराम कर रहे थे । इसी दौरान घर की खपरैल भरभराकर गिर गई, जिसमें पूरा परिवार दब गया । जानकारी होने ग्रामीण मौके पर पहुंचे और परिवार को मलबे से निकला । वीरपाल ने बताया बेटी प्रीति (12), अनीता (10) दोनों के गुम चोटें आयीं हैं , ममता (7) का पैर फैक्चर हो गया है बेटा राजीव (15) के हाथ में चोटें आई हैं । पत्नी सुनीता यादव की आंख में गम्भीर चोट लगी हैं और वह भी घायल हो गया है ।

वीरपाल ने बताया उन्होंने कई बार पीएम आवास योजना के लिए आवेदन कराया और ग्राम प्रतिनिधि से भी कई बार आवास बनाने का अनुरोध किया, लेकिन कहीं पर भी उसकी सुनवाई नहीं हुई । जिसमें आज उसके परिवार को जान माल से जूझना पड़ रहा है। मजदूर का कहना है कि उसके गृहस्थी का सारा सामान मलबे में दब गया है । पीड़ित ने सरकार से पीएम आवास के साथ ही अन्य सहायता दिलाने की मांग की।

# रोजगार मेले में 648 युवाओं ने पाई नौकरी

संवाददाता, रिठौरा


रोजगार मेले में नियुक्ति पत्र के साथ युवा। • अमृत विचार

- 50 कंपनियों ने किया प्रतिभाग 1500 युवा मेले में पहुंचे

**अमृत विचार :** राजश्री इंस्टीटयूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टैक्नोलॉजी बरेली और क्षेत्रीय सेवायोजन विभाग के संयुक्त प्रयास से रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले का आरंभ संस्थान के चेयरमैन राजेन्द्र कुमार अग्रवाल ने मां सरस्वती का दीप प्रज्ज्वलित एवं माल्यार्पण करके किया। मेले में 50 नामी कंपनियां शामिल हुई। रोजगार के लिए 1500 अभ्यर्थियों ने पंजीयन कराया था, जिसमें से 648 चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए। रोजगार पाकर प्रतिभागियों में खुशी की लहर दौड़ गई।

मेले में बतौर मुख्य अतिथि विधायक डॉ. एमपी आर्य, संस्थान के चेयरमैन राजेन्द्र कुमार अग्रवाल, सचिव राकेश कुमार अग्रवाल, वाइस चेयरपर्सन डॉ. मोनिका अग्रवाल, क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय बरेली मंडल के सहायक निदेशक त्रिभुवन सिंह, प्रबन्ध निदेशक रोहन बंसल ने मेले में नौकरी प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों नियुक्ति पत्र प्रदान दिए। विधायक आर्य ने अपने संबोधन में कहा उप्र सरकार की जनोपयोगी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नियुक्तियों में पूर्ण पारदर्शिता रखते हुए प्रत्येक परिवार के एक सदस्य को रोजगार देने की शासन की मंशा है। इस तरह के रोजगार मेलों का आयोजन लक्ष्य प्राप्ति में बेहद सहायक है। राजश्री संस्थान के चेयरमैन ने रोजगार मेले में चयनित सभी छात्र-छात्राओं को बधाई दी। इस दौरान सेवायोजन कार्यालय से अनूप दुबे, ब्रजेश कुमार, अनिल कुमार, मदन पांडेय, राजश्री संस्थान के निदेशक डॉ. अनिल कुमार, डॉ. पंकज शर्मा, रजिस्ट्रार दुष्यन्त माहेश्वरी, प्लेसमेंट हेड अंकुर भटनागर, दीपाली सिंह का विशेष सहयोग रहा।

# समुदाय विशेष के युवक ने प्रेमजाल में फंसाकर महिला के पांच लाख रुपये ठगे

संवाददाता, नवाबगंज

- पुलिस ने घटनास्थल दूसरे जिले का बताकर महिला को लौटाया

**अमृत विचार :** समुदाय विशेष के युवक ने अलीगढ़ निवासी विधवा महिला को प्रेमजाल में फंसाकर संबंध बनाए और पांच लाख रुपये लेकर उसे छोड़कर भाग आया । महिला ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की तो पुलिस ने घटना स्थल दूसरे जिले का बताते हुए लौटा दिया।

पीड़िता ने बताया वह अलीगढ़ की रहने वाली है। पति के निधन के बाद वह मंडी में पल्लेदारी कर परिवार पाल रही थी। मंडी में ही धान की खरीद करने वाले नवाबगंज के एक समुदाय विशेष के युवक ने स्वयं को हिन्दू बताकर उसे प्रेमजाल में फंसा लिया। इस बीच महिला ने बच्चों को ननिहाल पहुंचा दिया और आरोपी की बातों में आकर अलीगढ़ का प्लाट बेंचकर पांच लाख रुपये भी उसे दे दिए । रुपये लेने के बाद वह उसे छोड़कर चला आया। जिसके बाद वह अपने रुपयों का तकादा करने यहां उसके घर भी आई, लेकिन वह टाल मटोल करता रहा । जिस पर उसने दो सप्ताह पहले नवाबगंज पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की तो पुलिस ने मामला अलीगढ़ का बताते हुए उसकी रिपोर्ट लिखे बिना ही लौटा दिया । महिला का आरोप है आरोपी ने उसे बातों में लगाकर उसका मोबाइल भी छीन लिया । शुक्रवार को भी महिला ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस से कार्रवाई किए जाने की मांग की ।

### पुराने नोट के बदले लाखों देने का झांसा देकर की ठगी

**आंवला, अमृत विचार :** सायबर ठगों ने पुराने नोट के बदले लाखों रुपये देने का झांसा देकर एक महिला से 76 हजार की ठगी कर ली। अहसास होने पर महिला ने और रुपये देने से इन्कार कर दिया। इससे भड़के ठग ने पुलिस की वर्दी पहनकर वीडियो कॉल कर महिला को हड़काया और जेल भेजने की धमकी दी ।सरकार की ओर से जागरुक करने के बाद भी लोग साइबर ठगों की जाल में फंस रहे है। कस्बे के चांदनी चौक भारतीय स्टेट बैंक के समीप रहने वाली सुनीता पत्नी मुन्नालाल ने बताया दो दिन पहले उसके मोवाइल पर एक कॉल आई थी। जिसमें किसी भी पुराने नोट के बदले लाखो रुपये कमाने की बात कही गई। महिला ने बताए गए वाट्सएप नम्बर पर पांच के एक पुराने नोट की फोटो भेज दी। ठग ने महिला से फोटो और आधार कार्ड आदि वाट्सएप पर मंगा लिए। ठग ने विभिन्न बहाने बनाकर अपने क्यूआर कोड पर कई बार में 76 हजार 5 सौ रुपये डलवा लिए। 10 हजार रुपये और मांगने पर महिला को ठगी का अहसास हो गया और उसने रुपये भेजने से इनकार कर दिया। इसी बीच ठग ने दूसरे नंबर से पुलिस द्वारा एक व्यक्ति को पीटते हुए वीडियो वाट्सएप पर भेजा। ठग ने महिला को भी जेल भेजने की धमकी दी। पुलिस की वर्दी पहने व्यक्ति की वाटसएप कॉल आने और धमकी देने से महिला डर गई। महिला भयभीत होकर परिवार के साथ थाने पहुंची और पुलिस को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की।

# बारिश से खराब हुई सड़कों के निरीक्षण को पहुंची टीम

संवाददाता, कैंट

- सभासदों ने गुणवत्ता पूर्ण निर्माण सामग्री का इस्तेमाल नहीं करने का लगाया था आरोप

**अमृत विचार :** नगर पंचायत ठिरिया निजावत खां में हाल ही में बनवाए गए सीसी सड़कों की सुरक्षा दीवारें और नालियां 16 जून को हुई बारिश में क्षतिग्रस्त हो गईं थी।

इससे पहले नगर पंचायत के आठ सभासदों ने 28 मई को मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल को सामूहिक शिकायती पत्र देकर चेयरमैन पर मानकों के विपरीत और घटिया निर्माण सामग्री से विकास कार्य कराए जाने के साथ भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था। मंडलायुक्त ने डीएम अविनाश सिंह को टीम गठित करके जांच करने के निर्देश दिए थे। टीम शुक्रवार को क्षतिग्रस्त सड़कों की जांच करने नगर पंचायत पहुंची, क्षतिग्रस्त सड़कों का निरीक्षण किया। नगर पंचायत की ओर से सीसी रोड, नाली व सुरक्षा दीवारों समेत अन्य विकास कार्य करीब तीन माह पहले कराए गए थे। उक्त विकास कार्यों की पोल 16 जून को हुई पहली बारिश ने जांच शुरु होने से पहले ही खोल दी। बारिश में सीसी रोड तथा इंटरलॉकिंग सड़कों की सुरक्षा दीवार और नालियां क्षतिग्रस्त हो गईं। एसडीएम सदर प्रमोद कुमार के नेतृत्व में निरीक्षण को गई जांच कमेटी में ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अधिशासी अभियंता विनय कुमार शर्मा, जेई अनूप कुमार व शोभित सिंह, एई प्रवीन कुमार अग्रवाल, नगर पंचायत पर तैनात जेई पल्लवी सक्सेना, लेखपाल अभिषेक तोमर, अधिशासी अधिकारी सपना भारद्वाज समेत अन्य लोग मौजूद रहे ।एसडीएम सदर प्रमोद कुमार ने बताया मौके पर टीम के साथ पहुंचकर निरीक्षण किया है मानक तथा निर्माण सामग्री की जांच की जा रही है। दोबारा निरीक्षण किया जाएगा। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर ही अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# दहेज में नकदी और कार न मिलने पर बहू को मारकर लटकाया

संवाददाता, क्योलड़िया

- मायके वालों ने तीन लोगों पर दर्ज कराई दहेज हत्या की रिपोर्ट

**अमृत विचार :** दहेज में नकदी और कार नहीं मिलने पर ससुरालियों ने बहू की हत्या करके फंदे पर लटका दिया। मृतका के मायके वालों ने पति समेत तीन के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई।

पीलीभीत के गांव चट डांग उर्फ बलदेवपुर थाना न्यूरिया के नरायन लाल ने बेटी सुमन कुमारी का विवाह मई 2019 को क्योलड़िया थाना क्षेत्र के गांव फतेहगंज निवासी अरविंद कुमार से किया था। शादी में मिले दहेज से सुमन के ससुराल वाले खुश नहीं थे। इस बीच उसने एक बेटे को जन्म दिया, जिसकी उम्र ढाई वर्ष है। पति अरविंद कुमार, ननद नेम बती सुमन से दो लाख नकद और एक कार दहेज में लाने का दबाव बनाने लगे। बहू के मना करने पर प्रताड़ित करने लगे। शुक्रवार शाम 6:00 बजे सुमन के पिता के पास उसके पति ने फोन कर बताया, तुम्हारी बेटी की मौत हो चुकी। वह परिवार के साथ बेटी की ससुराल पहुंचे तो देखा उनकी बेटी फंदे पर झूल रही थी। पिता ने थाने पहुंचकर तीन आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर दी। थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ ही आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली।

# पुराने रूटों से ही निकाले जाएं ताजिए

संवाददाता, फतेहगंज पश्चिमी

**अमृत विचार :** मोहर्रम और कांवड़ यात्रा को लेकर शुक्रवार को थाना परिसर में एडीएम प्रशासन पूर्णिमा सिंह और एसपी ग्रामीण उत्तरी मुकेश चन्द्र मिश्र, एसडीम तृप्ति गुप्ता की मौजूदगी में शांति समिति की बैठक हुई।

बैठक में बताया 12 फीट से अधिक ऊंचाई का ताजिया नहीं उठाए जाएंगे। पुराने रूट पर ही ताजिया निकलेंगे। कहीं रूट पर जल भराव, खराब सड़क एवं बिजली आदि की समस्या है तो समय से बताए ताकि रूट दुरुस्त करने में दिक्कत नहीं हो। थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र पाल सिंह को दोनों अधिकारियों ने रूट दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। प्रधान अगरास कफील अहमद ने रामधारी दिनकर की कविता सुनाकर सभी का मन मोह लिया। बैठक में चेयरमैन इमराना बेगम समेत गणमान्य लोग,प्रधान सभासद,वीडीसी एवं ताजियादार आदि मौजूद रहे।

### सीसीटीवी से की जाएगी निगरानी

फतेहगंज पूर्वी थाना प्रभारी संतोष सिंह ने किसी भी कीमत पर खुराफातियों को बख्शा नहीं जाएगा। किसी भी तरह की सूचना उनको तत्काल दें। जिसका समाधान किया जाएगा। सावन में शिव मंदिरों समेत मार्ग पर पुलिस तैनात रहेगी तथा मोहर्रम मनाए जाने वाले गांव एवं नगर मे भी चप्पे चप्पे पर सीसीटीवी कैमरे से पुलिस निगरानी करेगी तथा जगह जगह पुलिस पिकेट लगाई जाएगी। सिरौली में थाना प्रभारी निरीक्षक जगत सिंह और एसडीएम एन राम की अध्यक्षता में बैठक हुई। एसडीएम ने कहा कि किसी भी ताजिया की ऊंचाई 12 फीट से ज्यादा ना हो त्योहार पर सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों की धार्मिक भावनाओं से खिलवाड़ करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं शेरगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार ने कहा त्योहार हमें शांति और सद्भाव की ओर उन्मुख करने के साथ ही सौहार्द के साथ जीवन जीने को प्रेरित करते हैं। ऐसे में त्यौहार मनाते समय एक दूसरे की भावनाओं का ख्याल रखते हुए सादगी से त्योहार मनाएं। इसी क्रम में दुनका पुलिस चौकी पर थाना प्रभारी शाही के नेतृत्व में बैठक शांति समिति की बैठक हुई। जिसमें एसडीएम मीरगंज तृप्ति गुप्ता ने सभी प्रधानों और संभ्रांत लोगों को बुलाकर शांति के साथ त्योहार मनाने की अपील की। एसडीएम ने बताया कि जुलूस तय मार्ग पर ही निकाला जाएगा। बिशारतगंज थाना प्रभारी सतीश कुमार ने कहा कि लोग आपस में मिलजुल कर रहे और त्योहारों को शांति सौहार्द के साथ मनाएं। कहीं भी किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न होती है तो संभ्रांत लोग आपस में मिलकर ही समस्या का निदान कर लें तो बेहद अच्छी बात है। देवरनियां में बहेड़ी सीओ ने लोगों को सख्त चेतावनी दी कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा जहां भी तनाव की आशंका होगी, वहां पुलिस बल पहले से तैनात रहे। ड्रोन से निगरानी और सीसीटीवी कैमरों से लगातार नजर रखी जाएगी।

## सार-संक्षेप

### शिविर में 490 दिव्यांगों को मिले उपकरण



**मीरगंज, अमृत विचार :** राष्ट्रीय वयोश्री योजना एवं एडिप योजना के अंतर्गत शुक्रवार को राजश्री मेडिकल कॉलेज फतेहगंज पश्चिमी में 490 वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगों को उपकरण वितरित किया गया। इससे पहले बतौर मुख्य अतिथि विधायक डॉ. डीसी वर्मा, एसडीएम तृप्ति गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर फीता काटकर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस दौरान लगभग 40,42000/ रुपए के उपकरण वितरित किए गए। विधायक ने कहा कि मोदी-योगी सरकार ने सभी वर्गों के लिए कार्य किया है। किसी तरह का किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं किया। कार्यक्रम के दौरान राजश्री मेडिकल कॉलेज के चेयरमैन राजेंद्र अग्रवाल ,तहसीलदार आशीष कुमार सिंह,नायब तहसीलदार अरविंद कुमार, एलिंको कंपनी से संदीप, हिमांशु शर्मा, आदित्य कुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### बार संघ ने सपा सांसद का किया स्वागत



**फरीदपुर अमृत विचार :** फरीदपुर बार संघ के पदाधिकारियों ने सपा सांसद नीरज मौर्य का स्वागत किया। इसके साथ अधिवक्ताओं ने सांसद को अपनी समस्याओं से अवगत कराया। सांसद नीरज मौर्य ने सभी समस्याओं का निवारण अपने स्तर से करने और सदैव यथासंभव प्रयास करने का आश्वासन दिया ।स्वागत करने वाले में मुख्य रूप से मौजूद रहे। इस मौके पर विजय सिंह , विवेक सिंह, धर्मेंद्र मौर्य , रामदास मौर्य, बलराम यादव समेत अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

### विधायक ने धर्मस्थलों के जीर्णोद्धार का दिया आश्वासन



**भोजीपुरा, अमृत विचार :** विधायक शहजिल इस्लाम पीडीए पंचायत से सपा की विचारधारा और कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। इसी श्रृंखला में विधायक शहजिल इस्लाम ने ग्राम म्यूड़ी रानी मेवा कुंवर में महाराज के देवस्थान का भ्रमण किया। उक्त जीर्णोद्धार के लिये उन्होंने जीर्णोद्धार में महाराज के थान की बाउंड्री वाल , टाइल्स और लाइट की उचित व्यवस्था के लिए कार्य करने का आश्वासन दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने कहा धार्मिक स्थान जो नदी पार है आने जाने में बहुत दिक्कत होती है गांव के शामशान भूमि भी नदी के पार है बाढ़ आने पर अंतिम संस्कार करने में गांव वालों को बहुत दिक्कत का सामना करना पड़ता है । विधायक ने ग्रामीणों की सभी समस्याओं को सुनकर जिलाधिकारी को पत्र लिखा और जल्द कार्य कराने का आश्वासन दिया । कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक इस्लाम साबिर , प्रवक्ता मयंक शुक्ला , जिला उपाध्यक्ष तनवीर उल इस्लाम,अखिलेश पटेल,गजेंद्र आदि ग्रामीण उपस्थित रहे ।

### चोरी की 15 दिन बाद दर्ज की रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** मथुरापुर में चोरों ने घर के ताले तोड़कर तीन लाख से ज्यादा का माल साफ कर दिया। थाना सीबीगंज पुलिस ने 15 दिन बाद एसएसपी के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की है। मथुरापुर निवासी नीलम देवी ने बताया कि 4 जून की रात में चोरों ने उसके घर से सोने की चेन, झुमकी, मंगलसूत्र, 250 ग्राम चांदी, 45 हजार रुपये नकद समेत तीन लाख रुपये से ज्यादा का सामान चोरी कर लिया। 5 जून को उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराने को थाने में तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। इसके बाद उन्होंने एसएसपी से शिकायत की। एसएसपी अनुराग आर्य के आदेश पर बृहस्पतिवार को पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### एसएसपी ने पुलिस लाइन व छात्रावास का किया निरीक्षण



**बरेली, अमृत विचार :** एसएसपी अनुराग आर्य ने शुक्रवार को पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड की सलामी ली। उन्होंने परेड में शामिल पुलिसकर्मियों की वर्दी, अनुशासन और परेड प्रदर्शन की गहन समीक्षा की। एसएसपी ने टर्न आउट को उच्चस्तरीय बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस लाइन परिसर, आदेश कक्ष, क्वार्टर गार्ड, आरटीसी, जेटीसी छात्रावास, पुलिस भोजनालय और कैंटीन का निरीक्षण किया। भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता और आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता की जांच करते हुए संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। जेटीसी में नव नियुक्त आरक्षियों से मुलाकात कर उन्हें उत्तर प्रदेश पुलिस सोशल मीडिया पॉलिसी का सख्ती से पालन करने को कहा। उन्होंने सोशल मीडिया के अनुशासित इस्तेमाल, गोपनीयता और विभागीय निर्देशों का ध्यान रखने की हिदायत दी। उन्होंने नियमितता, अनुशासन और समयबद्धता के साथ प्रशिक्षण पूरा करने के लिए प्रेरित किया। एसएसपी ने कहा कि पुलिस सेवा में उत्कृष्टता और ईमानदारी से काम करना ही सच्ची देशभक्ति है। निरीक्षण के दौरान एसपी सिटी मानुष पारीक, सीओ सिटी प्रथम आशुतोष शिवम, आरआई समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### बाजार में गंदगी फैलाने वालों पर लग रहा जुर्माना

**बहेड़ी, अमृत विचार :** स्वच्छता के लिए अब नगर पालिका परिषद सख्ती बरत रही हैं। अधिशासी अधिकारी शशि प्रभा चौधरी के निर्देशन में चलाए जा रहे ।अभियान के तहत गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। नगर पालिका के सफाई एवं खाद निरीक्षक अहमद हसन की टीम ने नगर क्षेत्र में अलग-अलग जगहों पर निरीक्षण कर कई स्थानों पर गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध जुर्माना वसूलने की कार्रवाई की। टीम ने सार्वजनिक स्थलों पर कूड़ा डालने, नालियों में कचरा फेंकने और सफाई व्यवस्था में लापरवाही बरतने वालों को मौके पर ही नोटिस दिए और चेतावनी दी आगे से लापरवाही की तो और भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य निरीक्षक अहमद हसन ने बताया यह अभियान लगातार चलता रहेगा और नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए सभी से सहयोग की अपेक्षा की जा रही है। नगरपालिका का यह प्रयास न सिर्फ सफाई व्यवस्था को मजबूत कर रहा है, बल्कि लोगों में जिम्मेदारी का भाव भी जगा रहा है। सभासद सलीम चंदा, ताहिर पप्पू, मोहम्मद जाकिर, हसन जाफरी, जाकिर रज़ा, नसीम अहमद ने स्वास्थ्य निरीक्षक अहमद हसन की सक्रियता को सराहा।

### एडीएम प्रशासन ने तहसील का किया निरीक्षण

**फरीदपुर, अमृत विचार :** एडीएम प्रशासन पूर्णिमा सिंह ने तहसील फरीदपुर का निरीक्षण किया । उन्होंने न्यायालय,अभिलेखागार,संग्रह व नजारत के पटलों के रखरखाव और कार्य को देखा । न्यायालय में पत्रावलियों के संबंध में निर्देश दिए गए की पुराने वादों का समयबद्ध और गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण किया जाए तथा आदेशों को समय से पोर्टल पर चढ़ा दिया जाए । अभिलेखागार में मॉडर्न कॉम्पेक्टर द्वारा पत्रावलियों के रख रखाव की स्तिथि को जांचा गया जो संतोषजनक पाई गई । संग्रह में शीर्ष 10 बकायादारों की समीक्षा की गई, उनके नाम चस्पा करने के लिए निर्देशित किया गया । कर्मचारी की सेवा पुस्तिका का अध्ययन किया गया जिसमें निर्देश दिए गए कि सेवा पुस्तिका में समय से सभी प्रविष्टि पूर्ण की जाए व सुरक्षित रखा जाए। निरीक्षण के समय उप जिलाधिकारी मालिका नैन व तहसीलदार सुरभि राव एवं समस्त राजस्व विभाग सहायक उपस्थित रहे।

### पत्नी को नशीला पदार्थ खिलाकर जेवर लेकर फरार

**बरेली, अमृत विचार :** कैंट थाना क्षेत्र के नकटिया में पत्नी को नशीला पदार्थ खिलाकर बेहोश करने के बाद पति और बेटी घर में रखे जेवर और नकदी लेकर फरार हो गए। पत्नी ने पति समेत दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। मंडी, नकटिया निवासी रानी वन उर्फ फरजाना ने बताया कि अनमोल उसका दूसरा पति है। 14 जून की रात अनमोल ने उसे खाने के साथ नशीला पदार्थ दे दिया। इससे वह बेहोश हो गई। 16 जून को दोपहर उसे होश आया तो देखा कि पति अनमोल, 13 साल की बेटी मेराज और घर में रखे सोने-चांदी के जेवर गायब थे। पड़ोसियों ने बताया कि अनमोल उसकी बेटी को ले गया है। फरजाना का कहना है कि अनमोल के पिता राकेश ने भी उसका पूरा सहयोग किया है। उसकी बेटी के साथ कोई अनहोनी हो सकती है। थाना कैंट पुलिस ने अनमोल और राकेश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

